दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 07 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 229 पेज-09 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## सीएम योगी आदित्यनाथ का विपक्ष पर हमला, कहा- हम संतुष्टि की राजनीति करते हैं, तुष्टिकरण की नहीं



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुरादाबाद में विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग कभी तुष्टिकरण की राजनीति करके सत्ता में आए वह आज पूरी तरह से हाशिए पर पहुंच गए हैं।

भाजपा की योजनाएं तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण की भावना पर आधारित हैं, जो बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुंचती हैं। मुख्यमंत्री मुरादाबाद के बिलारी में अटल आवासीय विद्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। करीब 79 करोड़ की लागत से तैयार यह विद्यालय निर्माण श्रमिकों और वंचित वर्ग के बच्चों को समर्पित किया गया है। योगी ने इसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी पर उन्हें समर्पित आदर्श शिक्षा मंदिर बताया।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिन्होंने सत्ता को अपनी निजी दुकान समझा, उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को नकल, अराजकता और जातिवाद में धकेल दिया था। आज वह हमारी समावेशी विकास नीति से घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय न सिर्फ शिक्षा का केंद्र होगा, बल्कि अनुशासन, संस्कार और आत्मनिर्भरता की पाठशाला भी बनेगा।

### 18 अटल विद्यालयों में 18,000 से अधिक बच्चों को मुफ्त शिक्षा

योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश में अब तक 18 अटल आवासीय विद्यालय खोले जा चुके हैं। इसमें 18 हजार से ज्यादा मजदूरों, अनाथों और वंचित तबके के बच्चों को नि:शुल्क आवासीय शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार न सिर्फ 12वीं तक, बल्कि उच्च शिक्षा चाहे वह मेडिकल हो या इंजीनियरिंग की पूरी जिम्मेदारी भी उठाएगी।

### तीन दिन महिलाओं को फ्री यात्रा की सौगात

मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 8 से 10 अगस्त तक प्रदेश की सभी महिलाओं को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात देने की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि यह विद्यालय भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के फंड से निर्मित हुआ है। पूर्ववर्ती सरकारों में यह फंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था, लेकिन अब इसका उपयोग गरीब श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा में हो रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश अब शिक्षा के क्षेत्र में देश के शीर्ष तीन से पांच राज्यों में शामिल हो चुका है। अटल विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, साइंस लैब, खेल सुविधाएं, हॉस्टल और स्किल डेवलपमेंट सेंटर जैसी अत्याधुनिक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## खबर काम की: अब हाउस टैक्स जमा करने पर 30 सितंबर तक मिलेगी 20% की छूट

### अक्टूबर और नवंबर महीने में मिलेगी केवल 10% की छूट






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का मामला नगर निगम के सदन और बाहर शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। तो इसी बीच गाजियाबाद की बड़ी आबादी के लिए एक राहत वाली और काम की खबर भी निकल कर आई है। गाजियाबाद नगर निगम ने नगर निगम सदन में हुए विचार के आधार पर बढ़ाई जा रही हाउस टैक्स की छूट की अवधि को बढ़ाने का काम किया है। जिसको लेकर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने बताया है कि गाजियाबाद नगर निगम शहर के विकास कार्यों के साथ-साथ करदाताओं का भी विशेष ध्यान रखता है। इसके तहत हाउस टैक्स वसूली को बढ़ाने के लिए करदाताओं को छूट का लाभ दिया जा रहा है।

पहले 20% छूट जुलाई माह के अंत तक दी जा रही थी ,उसे सदन और पार्षदों के अनुरोध पर बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। अब कोई भी करदाता जो टैक्स जमा करेगा उसे 20% की छूट 30 सितंबर तक प्रदान की जाएगी। माना जा रहा है कि अगस्त के त्यौहारी सीजन में नगर निगम द्वारा दी गई छूट जनता को राहत देने का काम करेगी। फिलहाल टैक्स घमासान के बीच में ये छूट पार्षदों के भी उन प्रयासों का नतीजा मानी जा रही है जिसकी आवाज हाल ही में धरना के दौरान उठाई थी।



### जल्द करें टैक्स जमा, फिर कम हो जाएगी छूट

करंट क्राइम : उधर गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि 20% की छूट जो जुलाई माह के अंत तक दी जानी थी, अब उसे 30 सितंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं अक्टूबर माह और नवंबर में यह छूट 10% मिलेगी। वहीं दिसंबर और जनवरी 2026 तक इस छूट को करदाताओं के लिए केवल 5% का दिया जाएगा। ऐसे में जो करदाता जितनी जल्दी टैक्स जमा करेंगे, उनको छूट का लाभ उतना अधिक मिलेगा। बता दें कि गाजियाबाद नगर निगम सदन ने इस वर्ष हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी को लेकर जबरदस्त विरोध किया गया, तो वहीं टैक्स बढ़ोत्तरी का मामला इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन बताया जा रहा है।

## हिंडन एयरपोर्ट की सुरक्षा जल्द होगी ट्रिपल लेयर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी बढ़ेगी

### एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी व एसीपी हिंडन सुरक्षा उपासना पांडे ने किया निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर बीते कुछ दिनों से हवाई सेवाओं की संख्या में इजाफा किया गया है। तो हवाई जहाज की उड़ान अधिक हो रही हैं। जिसकी वजह से यहां बड़ी संख्या में प्रतिदिन लोगों का आवागमन हो रहा है। तो वहीं फ्लाइट्स लेट होने और कैंसिल होने की वजह से बीते दिनों हंगामा और स्थिति विपरीत हो गई थीं। ऐसे में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा बुधवार को यहां का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी और हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद की एसीपी सुरक्षा उपासना पांडे मौजूद रहीं। इस दौरान एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी द्वारा हिंडन एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों एवं हवाई सेवा को संचालित करने वाली कंपनियों के अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था,,ट्रैफिक संचालन और क्राउड कंट्रोल व मैनेजमेंट को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि हिंडन एयरपोर्ट अब प्रमुख हवाई अड्डे के रूप में गाजियाबाद और आसपास के लोगों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में अब यहां की सुरक्षा व्यवस्था को ट्रिपल लेयर किया जाएगा।

### हिंडन एयरपोर्ट पर जल्द बढ़ेगी पुलिसकर्मियों की संख्या



करंट क्राइम : वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तैनात लगभग 125 पुलिसकर्मियों की हिंडन एयरपोर्ट ड्यूटी रहती है। जिसमें निरीक्षक से लेकर सब इंस्पेक्टर और महिला-पुरुष कांस्टेबल बड़ी संख्या में तैनात हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही यहां पुलिसकर्मियों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। बीते दिनों हिंडन एयरपोर्ट सुरक्षा की नोडल अधिकारी एसीपी उपासना पांडे को बनाया गया था।


### सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट का इंतजाम भी करेगी कमिश्नरेट पुलिस

**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी ने निरीक्षण के दौरान यहां हवाई सेवाओं के अधिकारी और एयरपोर्ट की जिम्मेदारी संभालने वाले पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों, संबंधित विभाग और अधिकारियों के साथ बैठकर जल्द से जल्द अमल में लाने का काम करने का निर्देश भी दिया है।

### एयरपोर्ट के आसपास की थाना पुलिस से बढ़ाया जाएगा कोऑर्डिनेशन

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार हिंडन एयरपोर्ट टीलामोड थानाक्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां पर सिकंदरपुर चौकी मुख्य है। इसके साथ ही यह हिंडन एयरपोर्ट का हिस्सा शालीमार गार्डन और लोनी थाने से निकट है, ऐसे में इन तीनों ही थानों के प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेशन स्थापित किया जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में सीधे यहां पुलिस बल और सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

### वीवीआईपी मूवमेंट के साथ हिंडन एयरपोर्ट पर बढ़ रही है भीड़



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि हिंडन एयरपोर्ट पर वीवीआईपी मूवमेंट बढ़ना शुरू हो गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही कई प्रमुख नेता और अधिकारी हिंडन पर आते जाते रहते हैं। वह यहां से विमान सेवा भी लेते हैं, तो वहीं हिंडन पर जून और मई माह तक जहां प्रतिदिन डेढ़ सौ से 200 लोगों का मूवमेंट रहता था। तो अब इस संख्या में इजाफा हो गया है, अब प्रतिदिन चार से छह हजार लोग हिंडन एयरपोर्ट आते और जाते हैं। साथ ही बड़ी संख्या में हिंडन एयरपोर्ट से विमान संचालित होने के बाद यह महत्वपूर्ण स्थल बनता जा रहा है।

## नदिया पार के उस सम्मेलन में ये सब हो गया क्या बाईचांस

### आखिर क्यों दूरी बना रहे हैं किसके नाम से ये चेहरे



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में घटनाओं का, इत्तेफाक का जो भी डांस होता है वो कभी भी बाईचांस नहीं होता है। राजनीति के लोग ये जानते हैं कि कहां जाना जरूरी है और कहां बनानी दूरी है। राजनीति में इन दिनों बाईचांस भगवा खेमे में भी चल रहे हैं। कभी-कभी एक कार्यक्रम आता है और उसी दिन दूसरा कार्यक्रम आ जाता है।

बुधवार को ये अजीब बाईचांस रहा कि एक तरफ तिरंगा अभियान की बैठक होनी थी और दूसरी तरफ स्व. कैबिनेट मंत्री सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि देनी थी, लेकिन यहां कुछ ऐसा हो गया कि कई चेहरे इधर नजर नहीं आए और कई चेहरे उधर नजर नहीं आए। आईमी कॉलेज में जब सुषमा स्वराज की पुत्री और दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज का कार्यक्रम हुआ तो यहां वो चेहरे ही चेहरे ही नजर नहीं आए जो इस कार्यक्रम में नजर आने थे। वो क्यों नहीं आए ये सवाल अपना उत्तर तलाश रहा है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इस कार्यक्रम में समय से पहुंचे।

दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज समय से पहले पहुंची और ये भी बाईचांस था कि इन दोनों सांसदों को प्रधानमंत्री की बैठक में भाग लेने के लिये दिल्ली जाना था, लेकिन इसके बाद भी ये दोनों सांसद पहुंचे और ये बाईचांस रहा कि साहिबाबाद के विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा साहिबाबाद में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। जब टटोला तो पता चला कि आयोजन के दौरान वो दिल्ली किसी कार्यक्रम में मौजूद थे।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल साहिबाबाद के ही कॉलेज में थे, लेकिन वो आईमी कॉलेज में नहीं पहुंचे। वैसे वो पिछली बार सांसद के संस्मरण वाले कार्यक्रम में भी नजर नहीं आये थे जिसके आयोजक पप्पू पहलवान ही थे। वैसे इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने की वजह उनका पार्टी का कार्यक्रम बताई जा रही थी। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को आना था। पप्पू पहलवान और संगठन का कार्यक्रम एक ही समय पर फ्लैश कर रहा था।

ये एक इत्तेफाक हो सकता है और इस कार्यक्रम में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी नहीं आए। पहुंची तो मेयर सूनीता दयाल भी नहीं और केवल अतुल गर्ग ही पहुंचे। कार्यक्रम पप्पू पहलवान का था तो शहर विधायक संजीव शर्मा भी पहुंचे।

अब कहने वाले इसे दूसरे कनेक्शन से जोड़ रहे हैं और उनका कहना है कि आखिर कोई तो वजह है या फिर ये बाईचांस है कि भाजपा के ही चेहरे भाजपा के ही प्रोग्राम से दूरी बनाते हैं और खास तौर से जिस कार्यक्रम में एक ऐसे चेहरे की उपस्थिति होती है जिसकी वजह से शायद दूरियों के संदेश दिये जा रहे हैं। अब ये चेहरा कौन है इसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं। यही माना जा रहा है कि इस चेहरे की वजह से ही कुछ चेहरे कार्यक्रम से दूरी बना रहे हैं। जिससे गुटबाजी के संदेश भरपूर जा रहे हैं। भाजपा में ही ये कहा जाने लगा है कि जनरली ऐसा तो पहले कभी नहीं होता था अब ये सब कुछ इत्तेफाक है या फिर किसी को इग्नोरेंस के निशाने पर लिया जा रहा है।

## जनता की शिकायत पर महापौर ने किया लोहिया नगर के पार्क का निरीक्षण

### अधिकारियों को बुलाकर दिये ब्रांडेड मोटर डालने के निर्देश





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बुधवार को महापौर सुनीता दयाल ने एक शिकायत पर कार्यवाही करते हुए बी-ब्लॉक, लोहिया नगर स्थित पार्क का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान पार्क में देखा कि चारों तरफ बड़ी-बड़ी घास का झुंड लगा हुआ है और पार्क के अंदर पार्क का कूड़ा, ट्रैक टूटे हुए हैं। इसके साथ 30एचपी के खराब पम्प को देखा जिस सम्बन्ध में शिकायकर्ता द्वारा शिकायत की गई थी। इसको देखकर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की गई।

महापौर ने स्थानीय पार्षद, जीएम जल केपी आनंद, अधिशासी अभियंता आस कुमार, अवर अभियंता पूजा सिंह और उद्यान सुपरवाइजर को मौके पर बुलाया। जब उद्यान सुपरवाइजर से पूछा गया तो उसने वार्ड में 17 माली लगे होने की बात हुई।

इस पर महापौर ने सुपरवाइजर को जमकर झाड़ लगाते हुए कहा कि 1 पार्क में तीसरे दिन भी कार्य किया जाए तो भी पार्क साफ सुंदर दिखेगा। पार्क की हालत बदहाल की हुई है ऐसा लग रहा है कि माली आता ही नही है। महापौर ने उद्यान अधिकारी को पार्क के सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। महापौर ने पार्क में 30एचपी के पम्प के मुद्दे पर अधिकारियों के साथ मंथन किया और पम्प का रैंप और ब्रांडेड मोटर डालने के निर्देश दिए जिससे बार बार मोटर खराब न हो सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी स्थान पर शिकायत मिलती है तो ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

# कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी संख्या में लगाई साइबर चौपाल












**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के ग्रामीण, सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में उनके एसीपी और थाना प्रभारियों के साथ बुधवार को बड़ी संख्या में साइबर चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्किल के एसीपी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारी और साइबर थाने में तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा लोगों को डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी साझा ना करने और किसी भी साइबर ठगी की जानकारी 1930 पर करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही किस- किस प्रकार से आजकल साइबर फ्रॉड हो रहा है, इसको लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में साइबर चौपाल कार्यक्रम शुरू किया गया है। जो बुधवार को बड़ी संख्या में आयोजित हुआ।

इस कड़ी में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी सविता मलिक के साथ अभियान चलाया। तो घंटाघर एसीपी रितेश त्रिपाठी ने विजयनगर की सोसायटी में कमान संभाली। वहीं सिहानी गेट थाने में तैनात प्रताप बलियान ने एचडी ग्लोबल शंभू दयाल इंटर कॉलेज में डिजिटल अरेस्ट पर कार्यशाला आयोजित की। तो वहीं एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा कौशांबी और वसुंधरा इलाके में लोगों को साइबर अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। इसके साथ ही एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना, एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों द्वारा साइबर चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया।

### ट्रांस हिंडन पुलिस ने 27 लाख रुपए पीड़ितों को दिलवाए

करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन जोन के थानों पर गठित साइबर सेल की टीम द्वारा 27 लाख रुपए की रिकवरी कर पीड़ितों को लौटी गई है। यह पुलिस कमिश्नर द्वारा शुरू की गई साइबर चौपाल और साइबर अपराधियों पर रोकथाम लगाने की दिशा में बड़ी कार्रवाई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि जिनकी राशि वापस कराई गई है, उसमें यूपीआई फ्रॉड, फेक कस्टमर केयर हेल्पलाइन, फर्जी निवेश योजना ,ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड सहित कई अन्य मामलों के शिकार हुए थे।



# जब पुलिस ने अंधेरे में पार्क में दी गश्त की डोज तो उड़ गए नशेड़ियों के होश

**गोविंदपुरम गौर होम्स सोसायटी के पास पुलिस ने चलाया जांच और तलाशी अभियान**



### किसी की हुई तलाशी, किसी को पार्क से खदेड़ा

करंट क्राइम : बुधवार की रात जैसे ही गोविंदपुरम चौकी पुलिस से एक के बाद एक पुलिस के वाहन गौर होम्स सोसायटी के पार्क में पहुंचे। तो वहां अंधेरे में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को दबोचा, उनकी तलाशी ली। तो कई लोगों को वहां से खदेड़ा भी गया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यहां लंबे समय से लोग शाम के समय नशा करते हैं। जिससे बच्चे, महिलाएं और आसपास के निवासी परेशान होते हैं। गोविंदपुरम चौकी पुलिस को जब इसकी शिकायत मिली, तो पुलिस ने एक्शन लिया। उधर एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा का कहना है कि सोसायटी के आसपास अब रोजाना पुलिस इस प्रकार का अभियान चलाएगी ताकि ऐसे लोगों पर नकेल कसी जा सके।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते कई दिनों से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन कवि नगर थानाक्षेत्र स्थित गौर होम्स सोसायटी के गेट नंबर-01 के निकट बने पार्क में शाम के समय असामाजिक तत्व, नशेड़ियों और घुमंतुओं के जमा होने की शिकायत पुलिस को मिल रही थी।

आसपास के लोगों की शिकायत पर बुधवार को चौकी प्रभारी गोविंदपुरम बटुकेश्वर और पुलिस कर्मी वहां पहुंचे। पुलिस कर्मियों के पहुंचते ही पार्क के अंधेरे में बैठे नशेड़ियों को पुलिस ने गश्त और जांच की डोज दी। इस दौरान पार्क में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया, उनसे पूछताछ की। साथ ही कईयों को फटकार भी लगाई गई है। चौकी प्रभारी का कहना है कि अब यहां पर रोजाना गश्त होगी। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई होगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी थी कि शाम के समय यहां लोग अंधेरे में नशा करते हैं। जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है।

# अदालतों में लंबित वादों में प्राधिकरण का पक्ष प्रभावी तरीके से रखा जाए : अतुल वत्स

**- जीडीए वीसी ने विधि अनुभाग सहित अन्य अनुभागों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने विभिन्न अदालतों में लंबित वादों को लेकर विधि अनुभाग और उससे जुडे. अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। ये जानने का प्रयास किया गया कि अदालतों में पूर्व मे कितने लंबित वाद थे , वर्तमान में कितने वाद लंबित है और लंबित वादों में क्या स्थिति है। उन्होंने कहा कि अदालतों में लंबित वादों को सॉफ्टवेयर पर अपलोड किए जाने के परिणाम स्वरूप तमाम अधिकारियों के द्वारा नियमित तौर पर समीक्षा की जा सकती है।

नियमित तौर पर समीक्षा के परिणाम स्वरूप ही प्राधिकरण एनसीएलटी में रेड मॉल जैसे प्रकरण में जीत हासिल कर सका है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में प्राधिकरण की तरफ से काउंटर एफिडेविट प्रस्तुत किया जाना है, उसे समय से तैयार कराते हुए माननीय अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने ये भी निर्देशित किया गया कि विकासकर्ताओं पर देयता के लंबित प्रकरणों में माननीय अदालत के सामने प्रभावी तौर पर प्राधिकरण का पक्ष रखा जाए , ताकि बिल्डरों पर जो देयता है, उसकी वसूली सुनिश्चित हो सकें।

सभी अधिकारी अब नियमित अपने अनुभागों से संबंधित कैसेस को प्राधिकरण एडवोकेट से डिस्कस करे जिससे प्रभावी पैरवी सुनिश्चित हो सके। उपाध्यक्ष महोदय के निर्देश पर एवं नियमित समीक्षा से सभी वादों को ऑनलाइन सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराया जा चुका है, जिससे सभी अधिकारियों को नियमित केस मे मेसेज भी प्राप्त हो जाता है। इस कारण से समीक्षा व प्रभावी पैरवी आसानी से की जा रही है।

# सत्यपाल मलिक के निधन से किसानों ने अपना हमदर्द खो दिया: इंद्रजीत सिंह टीटू





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय लोक दल ने जम्मू कश्मीर समेत कई राज्यों के राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक के निधन पर दुख जताया है। पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक किसान बिरादरी के हमदर्द थे। उन्होंने अपने जीवन को अपने लिए कम और देश के लिए ज्यादा जिया है।

छात्र राजनीति से लेकर राज्यपाल की भूमिका निभाने वाले सत्यपाल मलिक के निधन से किसान बिरादरी ने अपना हमदर्द खो दिया है। संवैधानिक पद पर रहते हुए उन्होंने किसान के दर्द को समझा और निडर होकर किसान के हित की बात कही।

# एसीपी इंदिरापुरम और थाना कौशांबी पुलिस नें वितरित किए 200 हेलमेट

## ओएनजीसी के सहयोग से हेलमेट ना पहनने वालों के लिए चलाया गया अभियान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात पुलिस के द्वारा कहीं अभियान चलाए जा रहे हैं। तो यातायात नियम पालन करने का भी पाठ पढ़ाया जा रहा है। वहीं नियम तोड़ने वालों को सबक सिखाया जा रहा है। साथ ही जो लोग हेलमेट पहन के नहीं चलते हैं, उनको भी जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और थाना प्रभारी कौशांबी अजय शर्मा द्वारा ओएनजीसी के सहयोग से ऐसे 200 लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए गए जो दोपहिया वाहन तो चला रहे थे, पर हेलमेट नहीं लगा रखा था। वहीं पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि हेलमेट लगाने से तमाम सड़क हादसों में लोगों का जीवन सुरक्षित रहता है और जनहानि भी नहीं होती है। वहीं पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह हर हाल में हेलमेट लगाकर चलें ताकि जीवन को बचाया जा सके।

### कौशांबी थानाक्षेत्र में चलाया गया मुफ्त हेलमेट वितरण कार्यक्रम

करंट क्राइम : कौशांबी थानाक्षेत्र दिल्ली और नोएडा से लगा हुआ इलाका है। बॉर्डर का थाना होने की वजह से तमाम लोग दिल्ली से प्रवेश करते ही यूपी में हेलमेट निकाल लेते हैं या कई लोग बिना हेलमेट के भी वाहनों का संचालन करते हैं। जिससे सड़क हादसे होते हैं, सड़क हादसों में कमी लाने और मृत्यु दर कम करने को लेकर यातायात पुलिस अलर्ट मोड पर है। इसी के चलते बुधवार को एसीपी इंदिरापुरम और थाना प्रभारी कौशांबी द्वारा ओएनजीसी कंपनी के सहयोग से 200 ऐसे वाहन चालकों को मुफ्त हेलमेट वितरित किए गए हैं, जो वाहन चलाते समय बगैर हेलमेट के मौजूद थे। वहीं पुलिस के अधिकारियों ने चेतावनी भी दी है कि अगर जिन लोगों को हेलमेट दिए गए हैं, वह बिना हेलमेट के वाहन चलाते मिले तो उनपर चालान की कार्रवाई भी की जाएगी।

# हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप में प्राधिकरण विकास कार्यों का करायेगा ड्रोन सर्वे

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने निजी विकासकर्ताओं के द्वारा विकसित की जा रही हाईटेक एवं इंटीग्रेटेड टाउनशिप के प्रगति की समीक्षा की। ये जानने का प्रयास किया कि निजी विकासकताओं के द्वारा विकसित की जा रही हाईटेक और इंटीग्रेटिड टाउनशिप में कितना विकास कार्य हुआ है। बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि हाईटेक एवं इंटीग्रेटिड टाउनशिप के अंतर्गत विकसित की जा रही सन सिटी, वेव सिटी, शौर्यपुरम आदि तमाम टाउनशिप में ड्रोन सर्वे कराया जाए। ड्रोन सर्वे के माध्यम से ये जानने का प्रयास किया जाए कि जो डवलपमेंट एग्रीमेंट किया गया, उसके अनुसार विकास कार्य किए गए या नही। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने अधीनस्थ अधिकारियों को टाउनशिप मे नियमित मॉनिटरिंग न करने को लेकर फटकार भी लगायी और निर्देशित किया कि नियमित तौर पर समीक्षा की जाए, ताकि जो कमियां अवशेष है , उन्हें प्राथमिकता से पूरा करवाया जा सकें। किसी भी तरह कि लापरवाही पर जवाबदेही तय की जायेगी।

# जल्द अमीर बनने की चाहत में युवक बना नकली नोटों का तस्कर, पुलिस ने दबोचा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जल्द अमीर बनने की चाह में लोग अक्सर ऐसे रास्ते चुन लेते हैं, जो उन्हें अपराध की दलदल में धकेल देते हैं। ऐसा ही एक मामला गाजियाबाद से सामने आया है, जहां इंदिरापुरम पुलिस ने नकली नोटों का सौदा करने वाले एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने साहिबाबाद रेलवे अंडरपास, सेक्टर-1 वसुंधरा के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान उज्ज्वल झा निवासी मंडोली, हर्ष विहार, दिल्ली के रूप में हुई है। उसके पास से 500 रुपए के कुल 566 नकली नोट बरामद हुए हैं, जिनकी कुल राशि 2,83,000 रुपए है।

पूछताछ में उज्ज्वल ने बताया कि वह फेसबुक के जरिए एक अज्ञात व्यक्ति के संपर्क में आया था। बातचीत के दौरान दोनों ने आपस में मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान किया। इसके बाद उज्ज्वल ने उस व्यक्ति से संपर्क किया और उसे 1 लाख रुपए असली नोट देकर 3 लाख रुपए के नकली नोट हासिल किए। उज्ज्वल ने कबूल किया कि वह अब तक लगभग 17,000 रुपए के नकली नोट दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में चला चुका है। इससे पहले भी उसने 10,000 रुपए असली देकर 30,000 रुपए के नकली नोट लिए थे, जिन्हें उसने दिल्ली और गाजियाबाद में विभिन्न दुकानों और बाजारों में खपाया। पुलिस के अनुसार उज्ज्वल झा एक फार्मेसी कंपनी में काम करता है और उसने अतिरिक्त कमाई की चाहत में यह अपराध किया। पुलिस अब आरोपी से नकली नोटों के नेटवर्क और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की जानकारी निकालने में जुटी है।



# तिरंगा अभियान हेतु जिला कार्यशाला सम्पन्न

## युवाओं में देशभक्ति की अलख जगाना समय की मांग: विजय बहादुर पाठक





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर ने 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को मॉडर्न कॉलेज, अर्थला, मोहन नगर में एक दिवसीय भव्य जिला कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में जिले भर से सैकड़ों कार्यकर्ता उत्साह के साथ जुटे और अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा मात्र एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी आत्मा, अस्मिता और आजादी की शान है। जब हर घर पर तिरंगा लहराएगा, तभी देश की एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना सर्वोच्च होगी। युवाओं को चाहिए कि वे इस भाव को लेकर आगे बढ़ें और समाज को जागरूक करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह अभियान केवल आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की चेतना है। हर बूथ, हर वार्ड, हर गली तक तिरंगे की गरिमा पहुँचे—यही लक्ष्य है। कार्यकर्ता इसे जन-आंदोलन बनाएं।

कार्यशाला में अभियान की रणनीति, संगठनात्मक योजना, प्रचार-प्रसार के माध्यम, तथा जनसंपर्क के प्रभावशाली तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेष रूप से 11 से 15 अगस्त के बीच चलने वाले कार्यक्रमों—जैसे तिरंगा यात्राएं, झंडा वंदन, घरों पर ध्वजारोहण, और जनजागरूकता रैलियों की योजना पर विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, राजेंद्र यादव, सुशील गौतम, राजेश त्यागी, गोपाल अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक संजयकांत शर्मा के नेतृत्व में कार्यशाला का संचालन हुआ और सह-संयोजक सचिन डेढ़ा एवं नितिन शर्मा ने संगठनात्मक व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यशाला की सफलता में कार्यक्रम सह संयोजक सचिन डेढ़ा, नितिन शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी श्री प्रदीप चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# यादगार बन गया पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज की 6वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम

## मां को श्रद्धांजलि देते समय बेटी सांसद बांसुरी स्वराज हो गई भावनात्मक



## दिव्यांगों को दिए गए व्हीलचेयर, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यूं ही भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान को एक कुशल संगठन संगठन कर्ता और आयोजक नहीं कहा जाता है। जो भी जिम्मेदारी वह अपने हाथ में लेते हैं, उसकी पूरी तन्मयता और लगन के साथ उसे पूरा करते हैं। भाजपा संगठन का कार्यक्रम हो या सामाजिक संगठन का, अगर पप्पू पहलवान के कंधे पर व्यवस्था की जिम्मेदारी है तो पार्टी हो या सामाजिक संगठन, सभी सदस्य निश्चिंत हो जाते हैं।

पूर्व विदेश मंत्री और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक सुषमा स्वराज की छठीं पुण्यतिथि पर पप्पू पहलवान ने साहिबाबाद में एक ऐसा आयोजन किया जिसकी यादें काफी समय तक जेहन में रहेगी। इस कार्यक्रम के लिए पप्पू पहलवान ने अपने साथियों के साथ जबरदस्त मेहनत की है। पिछले कई दिनों से वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से जनसंपर्क करते रहे। सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करते रहे। और बुधवार को उनके सारे प्रयास बेहद सफल रहे।

साहिबाबाद के आईएमई कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित पूर्व विदेश मंत्री और सौम्यता की प्रतीक सुषमा स्वराज की छठीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुषमा स्वराज की बेटी और नई दिल्ली संसदीय सीट से सांसद बांसुरी स्वराज थी। अपनी मां की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर बांसुरी स्वराज भावनात्मक हो गई। उन्होंने संसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा के साथ स्वर्गीय सुषमा स्वराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सामाजिक संगठन समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वावधान मे आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पूरा हॉल खचाखच लोगों से भरा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता हर प्रसाद गुप्ता ने की। कार्यक्रम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद बांसुरी स्वराज, सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा ने दिव्यांगों को व्हीलचेयर, दृष्टि चश्मा और श्रवण यंत्र वितरित किए।

इस मौके पर एक निःशुल्क आंखों का मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। नमो ऐप पर 1,00,000 से अधिक पॉइन्ट प्राप्त करने वाले कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय सह संयोजक विकास अंबोली और उनके साथ सहारनपुर से आए 9 लोगों को सम्मानित किया गया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण पर निबंध प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को मेडल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भारी संख्या में नागरिकों, कार्यकताओं ने सहभागिता की जिससे यह आयोजन सफल एवं प्रेरणादायक बना।

इस अवसर पर पूर्व मेयर आशा शर्मा, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, संदीप त्यागी, पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद पप्पू नागर, पार्षद गोपाल सिसोदिया, पार्षद नीलम भारद्वाज, अनिल शर्मा, हरमीत बक्शी, डी एन कौल, भूषण लाल, संदीप त्यागी, बृजेश कुमार, एसपी तिवारी, जितेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, प्रेम त्यागी, गोरी अग्रवाल, संजय प्रजापति, निशा चौहान, अनीता राणा, प्रियंका सोलंकी, मुनीश कसाना, सीमा सिंह, अंजू धनशाला, पुष्पा, स्नेहलता श्रीवास्तव, मोनिका पंडित, नीलम भारद्वाज उपस्थित थे।

### वे सिर्फ मेरी नहीं पूरे देश की मां थी: बांसुरी स्वराज



**करंट क्राइम।** अपनी मां सुषमा स्वराज के प्रति लोगों में श्रद्धा को देखते हुए भावुक हुई बांसुरी स्वराज ने कहा कि ऐसा लगता है कि वह सिर्फ मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की मां थी । उन्होंने राजनीति को सेवा और समर्पण का माध्यम माना और पूरे जीवन इसी पर चलती रही। बांसुरी स्वराज ने कहा कि विदेश मंत्री के तौर पर उन्होंने भारत के मान सम्मान को बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक और साहसिक फैसले लिए। यमन में चल रहे गृहयुद्ध के बीच जुलाई 2015 में उन्होंने ऑपरेशन राहत का नेतृत्व किया। जिसके तहत भारतीय वायुसेना और नौसेना की मदद से 4,600 से अधिक भारतीयों और 960 विदेशी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुधवार को बांसुरी स्वराज के संसदीय क्षेत्र में कर्तव्य भवन का उद्घाटन करना था इसलिए सांसद बांसुरी स्वराज कार्यक्रम से जल्दी चली गई। इस दौरान उन्होंने आयोजकों और खास कर पप्पू पहलवान का विशेष तौर पर आभार जताया।

### देश के करोड़ों लोगों की प्रेरणा है स्वर्गीय सुषमा स्वराज : अतुल गर्ग



**करंट क्राइम।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज सरल सौम्यया और मातृत्व की प्रतिमूर्ति थी। वह एक महान वक्ता थी जब भी संसद में वह बोलती थी तो पक्ष विपक्ष के सांसदों के साथ पूरा देश उनकी एक-एक बात को ध्यान से सुनता था। राजनीति में ऐसी शख्सियत विरले होती है। अतुल गर्ग ने कहा कि सुषमा स्वराज ने महिलाओं को राजनीति में आने के लिए प्रेरित किया। वे देश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है।

### स्वर्गीय सुषमा स्वराज से प्रेरणा लेकर देश के लिए कार्य करते रहेंगे : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि आज भले ही सुषमा स्वराज हमारे बीच नहीं है लेकिन उनके कार्य और देश के प्रति प्रतिबद्धता हम सभी कार्यकताओं को प्रेरित करती रहेगी। सुषमा स्वराज ओजस्वी वक्ता थी जो ठान लेती थी वह करके दिखाती थी। विदेश मंत्री के तौर पर उन्होंने ऐसे काम किया जिससे देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया। संजीव शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय सुषमा स्वराज की विरासत को उनकी बेटी बांसुरी स्वराज आगे बढ़ा रही है। देश के करोड़ों भाजपा कार्यकताओं के लिए वे प्रेरणा पूंज है। हम सभी कार्यकर्ता प्रेरणा लेकर देश को सशक्त और विकसित बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे।



## जब मुख्य अतिथि बांसुरी स्वराज ने बरसाए तारीफ में फूल
## तब हो गई पप्पू पहलवान की मेहनत पूरी वसूल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कोई भी आयोजन हो, उस आयोजन के आयोजकों की सांसे तब तक अटकी रहती है जब तक वो आयोजन पूरी तरह संपूर्ण ना हो जाए। कार्यक्रम का सफल होना ही आयोजकों के लिये सबसे बड़ी खुशी होती है। जो कार्यक्रम भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान आयोजित करवा रहे थे वह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित करवाया गया था। इस कार्यक्रम में दिल्ली की लोकसभा सांसद तथा स्व. सुषमा स्वराज की पुत्री बांसुरी स्वराज को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। पप्पू पहलवान कई दिनों से इस कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों में जुटे थे।

ये उनकी खूबी भी है कि जब भी वो कोई कार्यक्रम आयोजित कराते हैं तो उसमें पूरी शिद्द से जुट जाते हैं। उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया था। यहां सबसे खास बात यह रही कि कार्यक्रम में सयम से काफी पहले ही मुख्य अतिथि आ गए। कार्यक्रम का समय पांच बजे रखा गया था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सांसदों की बैठक बुलाई गई थी और इसके चलते बांसुरी स्वराज काफी पहले आ गईं।

आमतौर पर ये होता है कि अगर मुख्य अतिथि पहले आ जाए तो आयोजक के लिये चुनौती हो जाती है, लेकिन ये पप्पू पहलवान हैं और कार्यक्रम उनका है तो फिर हॉल में बैठे लोग उनके हैं, लिहाजा उन्होंने बखूबी इस पूरी स्थिति को संभाला और जब मुख्य अतिथि बांसुरी स्वराज ने माइक संभाला तो पप्पू पहलवान की मेहनत उस समय वसूल हो गई जब बांसुरी स्वराज ने अपने शब्दों के जरिये पप्पू पहलवान की प्रशंसा की। बांसुरी स्वराज ने सबसे पहले अपने संबोधन में अपनी स्व. माता सुषमा स्वराज को याद किया और उनसे जुड़े कुछ संस्मरण बताए और फिर उन्होंने पप्पू पहलवान का नाम लिया।

सुषमा स्वराज की पुत्री दिल्ली की लोकसभा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि भाई पप्पू पहलवान का भरपूर आभार और अभिनंदन होना चाहिए। क्योंकि उन्होंने स्व. सुषमा स्वराज को वास्तविक श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने यहां मेडिकल कैंप आयोजित किया है। मेरी माता सुषमा स्वराज भी यही कहती थी कि कोई दो काम जरूर करने हैं। किसी और की मदद करो और यहां पर पप्पू पहलवान ने सेवा का संदेश दिया है। सच्ची श्रद्धांजलि दी है। जिस समय बांसुरी स्वराज ने पप्पू पहलवान की प्रशंसा में यह शब्द कहे तो पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और पप्पू पहलवान जिंदाबाद के नारे लगने लगे। समर्थकों के भी चेहरे पर खुशी थी क्योंकि आयोजक पप्पू पहलवान की मेहनत वसूल हो गई थी। मुख्य अतिथि के शब्दों से प्रशंसा के ये फूल इस बात की गवाही भी हैं।

## जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने की 'हर घर तिरंगा' अभियान की तैयारियों की समीक्षा

### जनपद के हर घर, कार्यालय, संस्थान में तिरंगा लगायें: डीएम रविन्द्र कुमार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 के अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' जन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिले में अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई तथा विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक नागरिक तक हर घर तिरंगा अभियान की भावना पहुंचे और सभी लोग 13 से 15 अगस्त के मध्य अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल ध्वजारोहण तक सीमित न रहकर देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बनना चाहिए।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने अभियान की व्यापकता को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने अधीनस्थ कार्यालयों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने की पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। विशेषकर स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संगठनों, एन.एस.एस., एन.सी.सी., सिविल डिफेंस एवं अन्य सामाजिक संगठनों को अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनाया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसमें पारंपरिक प्रचार माध्यमों के साथ-साथ मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर, बैनर एवं रैली आदि का उपयोग कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी महोदय ने यह भी कहा कि तिरंगा झंडा मानकानुसार हो तथा सभी को ध्वज संहिता की जानकारी दी जाए। बैठक के दौरान काकोरी ट्रेन एक्शन, तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला, बाईक रेली, तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाऐं/प्रतियोगिताऐं, विद्यालयों में प्रतियोगिताएं, गोष्ठी, सास्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से चर्चा की।

## राखी पर बहनों की सुरक्षा का लिया गाजियाबाद पुलिस ने संकल्प

### चेन स्नेचर, मनचलों पर रहेगी इस बार विशेष नजर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार है और 16 अगस्त को जन्माष्टमी का पर्व है। ऐसे में बाजारों, मंदिरों और अन्य भीड़ वाले स्थानों पर महिलाओं की संख्या में वृद्धि होती है। ऐसे में महिलाओं के साथ किसी प्रकार का अपराध न हो, वह किसी हादसे का शिकार ना बने, इसको रोकने के मकसद से बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना द्वारा महिला थानाध्यक्ष और पिंक बूथ पर तैनात महिला सब इंस्पेक्टर की मीटिंग की गई।

- रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर महिला अपराध रोकने के लिए एडिशन सीपी कल्पना सक्सेना ने ली महिला पुलिस अधिकारियों की मीटिंग
- क्राइम कंट्रोल के महिला थानाध्यक्ष और पिंक बूथ प्रभारी करेंगी पैदल गश्त

इस मीटिंग में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनाने और महिलाओं के साथ स्नैचिंग, लूटपाट और छेड़छाड़ ना हो, साथ ही उनके साथ किसी प्रकार से कोई भीड़ में हरकत और छेड़खानी ना करें, इसको रोकने का भी निर्देश दिया गया है। वहीं महिला थानाध्यक्ष और पिंक बूथ प्रभारियों को पैदल गश्त करने और आगामी त्यौहारी सीजन पर विशेष सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया गया है।

### बाजारों-मंदिरों में तैनात की जाएगी महिला पुलिस टीमें

**करंट क्राइम :** एडिशनल सीपी ने इस दौरान रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के अवसर पर महिलाओं के साथ अपराध ना हो इसके लिए महिला थाने और पिंक बूथ पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों को अलग-अलग स्थानों पर ड्यूटी करवाने का निर्देश दिया है। वही महिलाओं से अपराध रोकने के साथ ही महिलाओं को सुरक्षा का कवच भी प्रदान करने का काम करने को कहा गया है।

--------------------

### कमिश्नरेट के कई अधिकारी रहे मीटिंग में मौजूद

**करंट क्राइम :** बुधवार को एडिशनल सीपी मुख्यालय कल्पना सक्सेना द्वारा रक्षाबंधन, 15 अगस्त ,जन्माष्टमी को लेकर महिला अपराध नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर बैठक की गई। जिसमें एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एसपी महिला अपराध सलोनी अग्रवाल, महिला थानाध्यक्ष रितु त्यागी, परिवार परमार केंद्र प्रभारी व प्रभारी एएचटीयू उपस्थित रहें।

## संपादकीय

# कुदरत का कहर

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में आई आपदा प्रकृति की एक और गंभीर चेतावनी है। यह बताती है कि पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन साधने की कितनी जरूरत है। देश के पहाड़ी राज्यों, खासकर उत्तराखंड को लेकर ऐसी नीति चाहिए, जिससे पहाड़ और इंसानों के बीच संतुलन बना रहे। बड़ी हानिउत्तरकाशी के धराली गांव में खीरगंगा नदी के ऊपरी क्षेत्र में बादल फटा और फ्लैश फ्लड ने रास्ते में आने वाली हर चीज को अपनी चपेट में ले लिया। प्रभावित इलाके से आ रहे विडियो दिल दहलाने वाले हैं। अभी चारधाम यात्रा सीजन चल रहा है और यह गांव गंगोत्री वाले रास्ते पर पड़ता है। श्रद्धालुओं के रुकने का यह एक अहम पड़ाव है। ऐसे में जानमाल की बड़े पैमाने पर हानि की आशंका है। लगातार आफत हाल के बरसों में उत्तराखंड इस तरह की प्राकृतिक आपदाओं के केंद्र में रहा है। 2021 में चमोली जनपद में, नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के पास एक ग्लेशियर टूटकर गिर गया था। इसकी वजह से धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आ गई और तपोवन विष्णुगाड पनबिजली परियोजना में काम करने वाले कई श्रमिकों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह, 2023 की शुरूआत में एक और धार्मिक पर्यटन स्थल जोशीमठ में भूस्खलन ने एक बड़ी आबादी को विस्थापित कर दिया। खतरनाक स्थितिसाल 2013 में केदार घाटी में मची भयानक तबाही से लेकर अभी तक, छोटी-बड़ी ऐसी कई प्राकृतिक आपदाएं आ चुकी हैं। सवाल यहां आकर रुकती है कि पहाड़ से छेड़छाड़ कब रुकेगी? आरोप है कि उत्तराखंड में चल रहे बेशुमार पावर प्रॉजेक्ट्स ने पहाड़ों को खोखला कर दिया है। इसमें बढ़ती आबादी, लाखों पर्यटकों के बोझ, अनियंत्रित निर्माण और घटती हरियाली को मिला दीजिए तो स्थिति विस्फोटक बन जाती है।

अनियंत्रित निमार्ण बादल फटना प्राकृतिक घटना है, जिस पर इंसानों का जोर नहीं। लेकिन, यह भी तथ्य है कि पानी निकलने के रास्तों, नालों-गदेरों के मुहानों पर कंक्रीट के बड़े-बड़े स्ट्रक्चर खड़े हो चुके हैं। तमाम जगहों पर, जिन रास्तों से पानी को बहना था, वहां इंसान बस चुका है। यह जानबूझकर आफत बुलाने जैसा है। संभलने की जरूरत उत्तराखंड को लेकर यह बहस करीब 5 दशक पुरानी है कि विकास किस कीमत पर होना चाहिए। साल 1976 में, गढ़वाल के तत्कालीन कमिश्नर एमसी मिश्रा की अध्यक्षता में गठित कमिटी ने जोशीमठ को बचाने के लिए फौरन कुछ कदम उठाने की सिफारिश की थी- इनमें संवेदनशील जोन में नए निर्माण पर रोक और हरियाली बढ़ाना प्रमुख था। 49 साल बाद आज वह रिपोर्ट पूरे पहाड़ के लिए प्रासंगिक हो चुकी है।

# 'मौजूदा माहौल में आरबीआई के लिए अपना रुख नरम करना मुश्किल'



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती के चक्र में विराम लगाते हुए रेपो रेट को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह टैरिफ अनिश्चितताओं के बीच आरबीआई का तटस्थ रुख बरकारर रखने को दशार्ता है। बाजार के विशेषज्ञ इसे ब्याज दरों में कटौती के चक्र में एक विराम का संकेत बता रहे हैं।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच आरबीआई का सतर्क रुख वैश्विक चिंताओं को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। हांलाकि अमेरिका द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ से नकारात्मकता जोखिम पैदा होने का खतरा हैं। इसके बावजूद आरबीआई गवर्नर ने विकास पूर्वनुमान 6.5 प्रतिशत रखा है क्योंकि अमेरिकी व्यापार नीति अभी भी अनिश्चितता में है। इसके अलावा बेहतर मानसून, कम मुद्रास्फीति और कम आयकर बोझ जैसे कारक भी इस वर्ष भारत के विकास में सहायक होंगे।

### वित्त वर्ष 26 में महंगाई दर चार प्रतिशत के ऊपर रहने का अनुमान

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने बताया आरबीआई का ब्याज दरों को अपरिवर्तीत रखने का निर्णय हमारी अपेक्षाओं के अनुरुप था। हालांकि पिछले कुछ महीनों में मुद्रास्फीति में तेज गिरावट आई है, केंद्रीय बैंक ने दोहराया है कि वे आगामी तिमाहियों के लिए मुद्रास्फीति अनुमान पर विचार करेंगे। हमारा अनुमान है कि इस साल निम्न आधार को देखते हुए सीपीआई मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में चार प्रतिशत ऊपर और वित्त वर्ष 27 में औसम 4.5 प्रतिशत से ऊपर रहेगी। इसका मतलब यह है कि अगले साल हम 1-1.5 प्रतिशत के बीच वास्तविक ब्याद दर की उम्मीद कर रहे हैं और यह भी कम हो सकती है।

### आरबीआई की नजर वित्त वर्ष 27 की महंगाई और अर्थिक विकास की स्थिरता पर

कोटक इंस्टियूशनल इक्विटीज के चीफ इकोनॉमिस्ट सुवोदीप रक्षित ने कहा कि आरबीआई ने अगस्त की पॉलिसी में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही से महंगाई में धीरे-धीरे वृद्धि होने की संभावना है, हालांकि आरबीआई को कैंलेडर वर्ष 2025 के बाकी महीनों के लिए महंगाई के आंकड़े काफी कम लग रहे हैं। हमें ऐसा लगता है कि आरबीआई बाजार में पर्याप्त नकदी बनाए रखेगा, जिसमें ब्याज दरों में कटौती का असर आगे भी बना रहे। आरबीआई अब ब्याज दरों में जल्द नहीं बदलेगा क्योंकि उसका ध्यान वित्त वर्ष 2027 की महंगाई और आर्थिक विकास की स्थिरता पर है। आगे चलकर आरबीआई को अपना रुख नरम रखना थोड़ा मुश्किल होगा, रुख तब ही नरम हो सकेगा जब आर्थिक विकास संभावनाएं काफी कमजोर दिखे।

### ब्याज दरों में कटौती के चक्र पर लगा विराम

सैमको सिक्योरिटीज के बाजार परिप्रेक्ष्य एवं हेड रिसर्च अपूर्व सेठ बताते हैं कि वैश्विक व्यापार झटकों और 77 महीनों के निम्न मुद्रास्फीति आंकड़ों से संबंधित अनिश्चितताओं के मद्देनजर ब्याज दरों को यथावत रखने का केंद्रीय बैंक का निर्णय लिया जो कि अनुमानित था। यह ब्याज दरों में कटौती के चक्र में एक विराम का संकेत है। पिछले कुछ महीनों से मुद्रास्फीति निम्न स्तर पर है और इसके बढ़ने का केवल एकल ही रास्ता है, वह है ऊपर की ओर बढ़ना। इसलिए वित्त वर्ष 27 की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति का अनुमान लगभग 4.9 प्रतिशत है, जो मौजूदा स्तर से दोगुना से भी अधिक है।

# टैरिफ वॉर में काम आएंगे भारत के 5 हथियार, अमेरिका के सामने भी खड़ी होगी मुश्किल

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है कि 24 घंटों के अंदर भारत पर टैरिफ लागू कर दिया जाएगा। यह कितना हो सकता है, इस पर अटकलें जारी हैं। लेकिन यदि ट्रंप इसे लागू करते हैं तो इससे भारत के कृषि, वस्त्र, हथकरघा और फार्मास्युटिकल्स जैसे अहम क्षेत्रों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। इन क्षेत्रों का निर्यात प्रभावित होने से इन उद्योगों में मंदी या नौकरियों का संकट बढ़ सकता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भारत के हाथ पूरी तरह से खाली हैं। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि भारत के पास इस स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त तंत्र मौजूद हैं। टैरिफ वॉर शुरूआती दौर में भारत के लिए झटका साबित हो सकते हैं, लेकिन लंबे दौर में यह भारत को ज्यादा व्यापक आर्थिक मजबूती हासिल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और आर्थिक मामलों के जानकार गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने अमर उजाला से कहा कि अमेरिका हमारा बड़ा व्यापारिक साझीदार है। ऐसे में अचानक टैरिफ बढ़ने से हमें फौरी तौर पर कुछ नुकसान अवश्य उठाना पड़ सकता है, लेकिन केंद्र सरकार इससे होने वाले नुकसान से भारत के व्यापारियों, किसानों और उत्पादकों को बचाने के लिए कई अहम प्रयास कर रही है। इन प्रयासों से हम न केवल अपने हितों की रक्षा कर सकेंगे, बल्कि आने वाले दिनों में भारत की अर्थव्यवस्था को ज्यादा सुदृढ़ करने के उपाय भी खोज सकेंगे।

# बेरोजगारी 34 माह में सबसे कम

## लोगों के पास रोजगार 9 साल में सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि श्रमबल भागीदारी में बढ़ोतरी से जुलाई में बेरोजगारी दर सात फीसदी के नीचे आ गई है। इसमें यह भी कहा गया है कि जुलाई में 43.3 करोड़ लोगों के पास था रोजगार था। श्रमबल भागीदारी बढ़ने से देश में बेरोजगारी दर जुलाई, 2025 में घटकर 34 महीने के निचले स्तर 6.8 फीसदी पर आ गई। 34 महीने में यह दूसरा अवसर है, जब यह दर सात फीसदी के नीचे रही। इससे पहले मई, 2025 में बेरोजगारी दर पहली बार सात फीसदी के स्तर से नीचे 6.9 फीसदी रही थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले महीने कुल 43.3 करोड़ लोगों के पास रोजगार था। यह संख्या जनवरी, 2016 के बाद 9 साल में सबसे ज्यादा है। इससे पहले अप्रैल, 2025 में सर्वाधिक 43.2 करोड़ लोगों के पास रोजगार था। हालांकि, जून में यह संख्या घटकर 42.6 करोड़ रह गई। लेकिन, जुलाई के आंकड़े बताते हैं कि रोजगार में तेज सुधार दर्ज किया गया।




# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 166 अंक लुढ़का, निफ्टी 24600 के नीचे

**नई दिल्ली।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को भारतीय बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 73.35 अंक गिरकर 24,574.20 अंक पर आ गया।

आरबीआई ने ब्याज दरों को 5.5 प्रतिशत पर तटस्थ रखने का फैसला किया। इस फैसले से दर संवेदनशील क्षेत्रों में गिरावट देखने को मिली। बुधवार को बाजार मामूली गिरावट के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 166.26 अंक या 0.21 प्रतिशत गिरकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.35 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 24,574.20 पर बंद हुआ।




## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने ₹टॉमटाटो₹ का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।

### छह महीने के आंकड़े जारी, अब महंगाई भत्ते में होगी इतनी वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पिछली बार अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। इसके चलते जनवरी 2025 से लागू हुए डीए/डीआर की दर 55 पर पहुंच गई थी। अब छह माह बाद फिर से डीए/डीआर की दरों में बदलाव संभावित है। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर रखी है। इसकी सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू होनी हैं। हालांकि अभी तक आयोग के चेयरमैन व सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक, जनवरी से जून तक के अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) के ग्राफ को देखते हुए डीए/डीआर में तीन फीसदी की वृद्धि के संकेत दिख रहे हैं। यह संभावना, छह महीने के सूचकांक के आधार पर है। अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्लू, मई 2025 के लिए 0.5 अंक बढ़कर 144.0 पर पहुंच गया था। जून 2025 का ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्लू 1.0 अंक बढ़कर 145.0 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। श्रम ब्यूरो विभाग के अनुसार जून, 2025 के अखिल भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (औद्योगिक श्रमिक) में 1.0 अंक की वृद्धि दर्ज की गई है।

## 07 08 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


शौर्य चौहान
अभिनेत्री



शिवांश


डुग्गू


पन्नालाल कश्यप


सुनील कुमार द्विवेदी


अनुज शर्मा


शिवम गर्ग


बिजेंद्र बंसल


दुष्यंत पुंडीर


हिमांशु ठाकुर


ललित चौधरी


मनोज कुमार


मोनू त्यागी


नीरज किरोला



देव कुमार निगम


सुनित त्यागी


अकरम खान


शबीउल हसन


शाहवाज मलिक


ओम प्रकाश

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष :** आज प्रेम संबंधों में संयम की जरूरत है, आपको ध्यान देना होगा। आपसी गलतफहमी को बढ़ावा न दें, नहीं तो रिश्ता टूट सकता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। गर्लफ्रेंड के साथ डेटिंग पर जाएंगे। उनके साथ मस्ती भरे पल बिताने जा रहे हैं।

**मिथुन :** उत्साह से भरपूर, लेकिन प्रेम जीवन को लेकर असमंजस में रहेंगे। शादीशुदा जोड़े के रिश्ते में छोटी-छोटी बातों को लेकर तनाव रहेगा।

**कर्क :** लव लाइफ में आज कुछ नया होने वाला है। पार्टनर के कहने पर किसी रोमांटिक जगह घूमने जाने वाले हैं। आप अपने जीवनसाथी को कोई नया तोहफा देने वाले हैं।

**सिंह :** अब प्यार की राह में मुश्किलें खत्म हो रही हैं। लव पार्टनर, लाइफ पार्टनर आपकी हिम्मत है। रोमांस और मस्ती का दिन। नए साथी का आगमन हो सकता है।

**कन्या :** आज आपके जीवन में कोई ऐसा साथी जुड़ जाएगा जो आने वाले समय में सफलता में सहायक होगा। यह आपका लव पार्टनर भी हो सकता है।

**तुला :** आज लव लाइफ के बड़े फैसले लेंगे। आपका साहस और उत्साह ऑफिस के बॉस और कुली से प्रभावित होगा। आज आप शादी का कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

**वृश्चिक :** किसी पार्टी में दोस्तों के साथ मस्ती करने जा रहे हैं। आप इस दौरान नया लव पार्टनर भी बना सकते हैं। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**धनु :** प्रेमी का स्वास्थ्य नाजुक रहेगा। आप अभी भी प्यार में हैं तो सावधान हो जाइए। वह किसी कारण से आपसे नाराज हो सकता है या आप पर अविश्वास कर सकता है।

**मकर :** आज इंटरनेट से जानिए कि किसी से प्यार हो सकता है। उनसे मुलाकात भी संभव है। अति उत्साहित होना आपके लिए ठीक नहीं रहेगा।

**कुंभ :** आज रहें सतर्क। किसी भी तरह के विवाद और झगड़े से बचें। प्रेमी से वाद-विवाद हो सकता है, मिलना संभव नहीं होगा। मन में कई नकारात्मक विचार बने रहेंगे।

**मीन :** लव लाइफ में अकेलापन महसूस करने वालों के लिए दिन खास है। जीवन में कोई लव पार्टनर आएगा। पार्टनर के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।

## चुटकुले

पड़ोसन पांच मिनट से हाथ हिला रही थी, तो पप्पू ने भी हाथ हिलाया और हाय किया...! पीछे से बीवी ने पीठ पर जोरदार थाप मारी और बोली सामने वाली तुम्हें हाय नहीं कर रही है, अपनी खिड़की का कांच साफ कर रही है...!

पत्नी - क्या बनाऊं आज...?
पति - बात का बतंगड़ छोड़ के कुछ भी बना ले, खा लूंगा...!

पप्पू (मन ही मन सोचते हुए) मेरा तो दिमाग घूम गया ये सोच सोच कर कि कुछ लोग शादी के बाद भी 'ब्लड डोनेट' करते हैं...! आखिर इतना बचता कैसे है...?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'बैजबॉल का अर्थ लापरवाह क्रिकेट..', इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति पर फूटा चैपल का गुस्सा

**आस्ट्रेलिया।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट सीरीज के दौरान इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि, सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। बता दें कि, भारत ने इंग्लैंड को आखिरी टेस्ट मैच में हराकर सीरीज 2-2 से बराबर कर दी थी। पांचवें दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 35 रन चाहिए थे, जबकि भारत को चार विकेट की जरूरत थी। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके जिससे भारत यह मुकाबला छह रन से जीतने में सफल रहा था।



## ब्रूक पर भड़के चैपल

चैपल ने अपने कॉलम में युवा भारतीय टीम की अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रशंसा की। हालांकि, उन्होंने इंग्लैंड के खिलाड़ियों विशेषकर हैरी ब्रूक की आलोचना की। उनका मानना है कि ब्रूक परिस्थितियों को समझने में विफल रहे। भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने कहा, 'इस सीरीज में इंग्लैंड का सफर उसके सामने चेतावनी पेश करता है। इसे प्रतिभाशाली लेकिन चंचल प्रकृति के हैरी ब्रुक ने मूर्त रूप दिया, जिनकी मैं पहले सार्वजनिक रूप से प्रशंसा कर चुका हूं।'

उन्होंने कहा, 'उनकी टाइमिंग बहुत अच्छी है। वह कई तरह के शॉट लगा सकते हैं। उनमें आत्मविश्वास है और बल्लेबाजी को सहज बनाने का दुर्लभ कौशल है। लेकिन क्रिकेट, विशेष रूप से टेस्ट क्रिकेट, केवल शॉट लगाने के बारे में नहीं है। यह निर्णय लेने के बारे में है। टेस्ट क्रिकेट में यह समझना जरूरी होता है कि कब आक्रामक होकर खेलना है और कब संयम बरतना है।'

## 'सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं'

लंदन में पांचवें टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को इंग्लैंड ने 374 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय तीन विकेट पर 301 रन बना लिए थे लेकिन 26 वर्षीय ब्रूक के आउट होने से उसकी टीम लड़खड़ा गई और उसे छह रन से हार का सामना करना पड़ा। चैपल ने कहा, 'सकारात्मकता में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है। इसका मतलब है आत्मविश्वास से भरा, सोच-समझकर जोखिम उठाना।'

# इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन का सिराज को हुआ फायदा, करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का फायदा हुआ है और वह आईसीसी की नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। सिराज ने पांचवें टेस्ट मैच में दमदार प्रदर्शन किया था जिससे वह गेंदबाजों की रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सिराज के दम पर ही भारत ने आखिरी टेस्ट मैच छह रन से जीता था जिससे भारत सीरीज 2-2 से ड्रॉ करने में सफल रहा था।



## सिराज ने 12 स्थान की लगाई छलांग

सिराज ने पांचवें टेस्ट मैच में कुल नौ विकेट लिए थे जिससे वह 12 स्थान की उछाल के साथ 15वें नंबर पर पहुंच गए। इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट मैच के आखिरी दिन मैच और सीरीज जीतने के लिए 35 रनों की जरूरत थी, जबकि भारत को सीरीज ड्रॉ कराने के लिए चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने तब मोर्चा संभाला और तीन विकेट झटक कर इंग्लैंड को जीत हासिल करने से रोका। सिराज के टेस्ट करियर की इससे पहले सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने इस साल जनवरी में हासिल की थी। कार्यभार प्रबंध के कारण सीरीज के तीन मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद हैं। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 59वें रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।

वहीं, बल्लेबाजों में भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल टेस्ट में शतक लगाने के कारण शीर्ष पांच में दोबारा शामिल हो गए हैं। यशस्वी ने तीन स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर जगह बनाई। उनके अलावा एक अन्य बल्लेबाज जो शीर्ष 10 में शामिल हैं वो ऋषभ पंत हैं जो एक स्थान के नुकसान के साथ आठवें स्थान पर आ गए हैं। पंत चोट के कारण पांचवां टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे।

इंग्लैंड के करिश्माई बल्लेबाज जो रूट शानदार प्रदर्शन के दम पर बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं, जबकि शतक लगाने वाले हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर आ गए हैं। गेंदबाजों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाद गस एटकिंसन और जोश टंग भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान के सुधार से 46वें स्थान पर आ गए हैं।

# ओसाका का शानदार प्रदर्शन जारी, स्वितोलिना को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं; अब टॉसन से सामना



**कनाडा।** चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ओसाका ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। यह पहली बार है जब ओसाका इस टूनार्मेंट के अंतिम चार में पहुंची हैं। अब ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा।

टॉसन ने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 6-1, 6-4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूनार्मेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

# एक दिन के लिए स्थगित हुआ चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूनार्मेंट

**नई दिल्ली।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट को एक दिन के लिए स्थगित किया है और अब इसका आयोजन बुधवार के बजाए गुरुवार को होगा। आयोजकों को यह फैसला इसलिए लेना पड़ा क्योंकि जिस होटल में इसे होना है वहां आग लग गई। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स टूनार्मेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय सहित कई दिग्गज खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। यह इस टूनार्मेंट का तीसरा संस्करण है।

भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूनार्मेंट के निदेशक श्रीनाथ नारायण ने एक्स पर लिखा, 'पिछली रात होटल में आग लग गई जहां चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स होना था। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में भेजा गया है। टूनार्मेंट एक दिन के लिए स्थगित किया जाता है।' खिलाड़ियों को अंततः होटल वापस लाया गया, लेकिन सुरक्षा जांच के बाद टूनार्मेंट एक दिन बाद शुरू होगा।

चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। इस प्रतियोगिता में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी, अनुभवी विदित गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी जैसे नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एरिगेसी अपने अभियान की शुरूआत अमेरिका के अवॉन्डर लियांग के खिलाफ करेंगे। पहली बार इसमें मास्टर्स और चैलेंजर्स वर्ग में क्लासिकल राउंड रॉबिन प्रारूप में नौ से अधिक दौर खेले जाएंगे। इससे पहले दो सत्र में सात दौर ही खेले जाते थे। इसमें 19 ग्रैंडमास्टर्स भाग लेंगे और फिडे सर्किट अंक भी मिलेंगे जो 2026 कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में जगह पाने के लिए अहम होंगे।

टूनार्मेंट में निहाल सरीन और जर्मनी के विंसेंट केमेर जैसे खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। चैलेंजर्स वर्ग में डी हरिका, आर वैशाली, हर्षवर्धन जीबी, अभिमन्यु पुराणिक, ग्रैंडमास्टर अधिबान भास्करन भी हिस्सा लेंगे।



## समय में नहीं होगा बदलाव

चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी के नौवें तल्ले पर आग लग गई जिस कारण पूरे होटल में धुआं छा गया और सभी को होटल से बाहर निकाला गया। इस दौरान वहां सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। टूनार्मेंट के आयोजकों ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि मैच का समय वही रहेगा, लेकिन अब कार्यक्रम से रेस्ट डे हटाया गया है। उन्होंने कहा, समय वही रहेगा और टूनार्मेंट 15 अगस्त को ही समाप्त होगा। बीच में एक दिन का विश्राम था और अब वह कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है।

**चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपये है। इस प्रतियोगिता में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगेसी, अनुभवी विदित गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी जैसे नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।**

# युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन से रोहित-कोहली की वनडे में राह मुश्किल? अब कैफ ने कर दी ये बड़ी मांग



**मुंबई।** शुभमन गिल की अगुआई में भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दो दिग्गज खिलाड़ियों के बिना गई थी जिन्होंने लाल गेंद के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। रोहित और कोहली अब भारत के लिए बस वनडे प्रारूप में ही खेलते नजर आएंगे। भले ही इन दोनों खिलाड़ियों ने अभी 2027 वनडे विश्व कप में खेलने को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है, लेकिन यह स्पष्ट है कि Ro-Ko की जोड़ी इस वैश्विक टूनार्मेंट में खेलना चाहती है।

## यशस्वी-आकाश दीप जैसे खिलाड़ी दे रहे योगदान

इंग्लैंड दौरे पर जिस तरह कुछ युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उसके बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वनडे में भी रोहित-कोहली के लिए टीम में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है? इंग्लैंड दौरे पर मोहम्मद सिराज ने लगभग 200 ओवर गेंदबाजी की और अपने थके हुए शरीर को पांच टेस्ट मैच के दौरान अच्छी तरह संभाला। वाशिंगटन सुंदर कभी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे। यशस्वी जायसवाल ने जरूरत पड़ने पर योगदान दिया, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा प्रभावी नजर आए और साई सुदर्शन ने अपनी दीर्घकालिक उपयोगिता की झलक दिखाई। इससे सवाल उठता है कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले विराट कोहली और रोहित शर्मा तथा चोटों से जूझने वाले जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों का क्या होगा।

कोहली 36 और रोहित 38 साल के हैं और ये दोनों संभवतः ऑस्ट्रेलिया में तीन मैच की वनडे सीरीज और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन मैच की सीरीज में खेलेंगे। इसके बाद इन दोनों को जनवरी-जुलाई 2026 के बीच न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ छह वनडे मैचों में खेलने का मौका मिलेगा। लेकिन क्या ये मुकाबले 2027 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की उनकी तैयारी के लिए हैं? क्या यह दिग्गज जोड़ी सिर्फ एक प्रारूप और आईपीएल के दम पर इतने लंबे समय तक खेलना चाहेगी?

कोहली और रोहित ने 2024 में विश्व कप जीत के साथ टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा लेकिन इन दोनों का टेस्ट संन्यास काफी शांत रहा। क्या इन दोनों पूर्व कप्तानों को अपने संन्यास का समय और स्थान चुनने की अनुमति होगी या उन्हें भविष्य को ध्यान में रखते हुए धीरे-धीरे बाहर किया जाएगा? कोहली और रोहित इस साल चैंपियंस ट्रॉफी के बाद भारत के लिए नहीं खेले हैं। इन दोनों ने आईपीएल 2025 में हिस्सा लिया था। माना जा रहा था कि रोहित-कोहली की जोड़ी को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलने का मौका मिलेगा, लेकिन इस सीरीज के स्थगित होने से ऐसा नहीं हो सका।

भारत का अगला कार्यक्रम अब सितंबर में होने वाला एशिया कप और फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज है। एशिया कप टी20 प्रारूप में होना है, लिहाजा रोहित और कोहली हाल फिलहाल मैदान पर नजर नहीं आने वाले हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 अक्तूबर से तीन मैचों की वनडे सीरीज होनी है और इसके बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी।

# बुमराह के बाद सिराज के कार्यभार प्रबंध की उठी मांग, आरपी सिंह बोले- चोट का ध्यान रखना होगा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड दौरे पर प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के कार्यभार प्रबंध की मांग उठी है। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने जसप्रीत बुमराह की तरह सिराज के कार्यभार प्रबंध की भी वकालत की है। आरपी सिंह का कहना है कि सिराज को चोट मुक्त रखने के लिए जरूरी है कि उनका कार्यभार प्रबंध किया जाए। सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच मैच खेले थे और उन्होंने कुल 185.3 ओवर तक गेंदबाजी की थी। सिराज ने इस दौरान 23 विकेट लिए थे और वह सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे।

आरपी सिंह ने कहा, सिराज को चोट नहीं लगे इसलिए जरूरी है कि भविष्य में उनके वर्कलोड को मैनेज किया जाए। कम समय के अंदर जब तेज गेंदबाज ज्यादा मैच खेलता है तो उस पर चोटिल होने का खतरा अधिक रहता है। जिस तरह हम बुमराह के कार्यभार को प्रबंध करते हैं, वैसे ही सिराज के साथ भी किया जाना चाहिए।



## आरपी सिंह ने दिया बुमराह का उदाहरण

बुमराह का उदाहरण देते हुए आरपी ने कहा, 'कार्यभार प्रबंध के कारण ही बुमराह ने वनडे और टी20 विश्व कप में शानदार गेंदबाजी की थी। सिराज भी अब उसी स्तर पर आ गए हैं। उन्हें चोट से मुक्त रखने के लिए हमें आज नहीं तो कल गंभीरता से ध्यान देना होगा।' भारत के लिए 14 टेस्ट मैच सहित 82 मैच खेलने वाले आरपी सिंह ने इंग्लैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन के लिए सिराज की सराहना की। आरपी सिंह ने कहा, सिराज इकलौता गेंदबाज है जिसने पांचों टेस्ट मैच खेले और इन सभी मैचों में पूरे जज्बे और दमखम के साथ गेंदबाजी की। उसने सीरीज की जिस आखिरी गेंद पर बल्लेबाज को बोल्ड किया वह उनकी इस सीरीज की चौथी या पांचवीं सबसे तेज गेंद थी।

## आरपी ने सिराज की फिटनेस को सराहा

सिराज ने यॉर्कर गेंद पर इंग्लैंड के गस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत को पांचवें टेस्ट में जीत दिलाई थी। उनकी इस गेंद की गति 143 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यह इस सीरीज में उनकी पांचवीं सबसे तेज गेंद थी। आरपी सिंह ने कहा, यह दशार्ता है कि उनकी ओर से प्रयास में कभी कोई कमी नहीं थी। उन्होंने सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने की कोशिश की और टीम के लिए उम्मीद से बढ़कर योगदान दिया। इस दौरान उसकी फिटनेस और लय शानदार रही।

# सीएबी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं सौरव गांगुली

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रह चुके सौरव गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ सकते हैं। गांगुली ने इंडिया टुडे के हवाले से इस बात की पुष्टि की है कि वह वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान अपना नामांकन दाखिल करेंगे। अगर गांगुली अध्यक्ष पद के लिए दौड़ में उतरे तो उनका निर्विरोध चुना जाना तय है।

सीएबी नेतृत्व में उनकी संभावित वापसी उनके बड़े भाई और वर्तमान सीएबी अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली की लोढ़ा समिति की कार्यकाल सीमा के कारण अयोग्यता के बाद हुई है। सीएबी ने अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और चुनावों की तारीखों को अंतिम रूप दे दिया है। आगामी चुनावों की तैयारी के लिए मंगलवार को शीर्ष परिषद की एक आपात बैठक हुई। अंतिम शीर्ष परिषद बैठक 14 अगस्त को और वार्षिक आम बैठक 20 सितंबर को होगी।



गांगुली इससे पहले 2015 में सीएबी के सचिव रह चुके हैं और उसी साल जगमोहन डालमिया के निधन के बाद बाद वह सीएबी के अध्यक्ष बने थे। वह 2019 तक इस पद पर रहे, जिसके बाद उन्होंने 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभाला। गांगुली ने सीएबी के अध्यक्ष और बाद में बीसीसीआई के अध्यक्ष के रूप में अपने नेतृत्व के माध्यम से भारतीय क्रिकेट में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है।

# प्रादेशिक महिला फुटबॉल में वाराणसी के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं सात टीमें

**नई दिल्ली।** डॉ. संपूणानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा में हो रही प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। मंगलवार को हुए कुल छह मुकाबलों में वाराणसी सहित कुल सात टीमें क्वार्टर फाइनल पहुंच गईं।

दिन का पहला मैच बस्ती और झांसी के बीच खेला गया, जिसमें बस्ती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झांसी को 5-1 से करारी शिकस्त दी। खेल के चौथे मिनट में बस्ती की संजना ने पहला गोल दागा। इसके बाद क्रांति ने 12वें और 23वें मिनट में लगातार दो गोल कर टीम को 3-0 की मजबूत बढ़त दिलाई।

झांसी की जेनिव ने एक गोल कर स्कोर 1-3 किया, लेकिन हाफटाइम के बाद बस्ती की शिखा और सुप्रिया ने 39वें और 41वें मिनट में गोल कर टीम को जीत दिलाई। दूसरे मुकाबले में प्रयागराज ने सहारनपुर को 11-0 के भारी अंतर से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।





तीसरा मैच देवीपाटन और चित्रकूट के बीच हुआ, जिसमें देवीपाटन ने चित्रकूट मंडल को 11-1 से हराया। देवीपाटन की आफरीन ने 5 गोल दागे। जबकि रहमा और शबीना ने दो-दो गोल किए। नाजरीन और शबीना ने भी एक-एक गोल किया। चित्रकूट की टीम कुछ अच्छे मौके बनाने में सफल रही, लेकिन गोल करने में नाकाम रही।

दिन के चौथे मुकाबले में गोरखपुर ने विंध्याचल को 3-0 से हराया। गोरखपुर की रूबी गुप्ता ने 5वें और 18वें मिनट में दो गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में श्रीजना ने 59वें मिनट में एक और गोल कर जीत पक्की की। इस मैच में गोरखपुर की खिलाड़ी अनुप्रिया को खेल नियम का उल्लंघन करने पर लाल कार्ड भी दिखाया गया।

मुरादाबाद और अलीगढ़ के बीच हुआ पांचवां मैच बराबरी पर छूटा। दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया। मैच के पहले ही मिनट में मुरादाबाद की आरुषि ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन 17वें मिनट में अलीगढ़ की विपासा ने गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया।

दिन का अंतिम और सबसे रोमांचक मैच आजमगढ़ और अयोध्या के बीच खेला गया। पहले हाफ में दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थी, लेकिन दूसरे हाफ में आजमगढ़ ने अपनी रणनीति बदलकर शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद सलोनी ने 59वें मिनट में एक और गोल कर टीम को 4-0 से विजयी बनाया और क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

## यंग हीरोज ने जय हिंद क्लब को 7-0 से हराया

जिला फुटबॉल संघ की ओर से जिलास्तरीय मोहम्मद रजाउद्दीन स्मृति फुटबॉल लीग बीएचयू एंफीथियेटर मैदान पर खेली जा रही है। लीग के 16वें दिन दो मुकाबले खेले गए। दूसरे मैच में अमित यादव की हैट्रिक की मदद से यंग हीरोज ने सात गोल के अंतर से जयहिंद क्लब को हरा दिया। पहले मैच में खेल छात्रावास की टीम नहीं आने से यूपी कॉलेज को वॉक ओवर दे दिया गया। वहीं दूसरा मुकाबला यंग हीरोज क्लब बनाम जय हिंद क्लब के बीच खेला गया। मैच की अंतिम सीटी बजने तक जय हिंद क्लब एक भी गोल नहीं कर सकी।

मध्य प्रदेश के बालाघाट में खेली गई जूनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप फॉर बीसी राय ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश की टीम 19 साल बाद जीत कर तीसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनी है। फाइनल मुकाबले में यूपी की टीम ने असम की टीम तीन गोल के अंतर से हरा दिया। राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप फॉर बीसी राय ट्रॉफी 2025 में आज का फाइनल मैच उत्तर प्रदेश और असम के बीच खेला गया। यूपी की टीम में छोटे-छोटे पास के जरिये असम के खिलाफ आक्रामक मैच खेला। केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षण संस्थान की ओर से 15 दिवसीय प्रो. एलएम जोशी स्मृति अंतर कक्षा फुटबॉल टूनार्मेंट संस्थान के खेल मैदान पर खेला गया। इसके बालिका वर्ग में श्रींग ढोल्मा के दो गोल की मदद से में पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष की टीम ने द्वितीय वर्ष की टीम को एक गोल के अंतर से हरा दिया।

लीग में महिला वर्ग पूर्व मध्यमा प्रथम वर्ष की टीम ने पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष को 3-2 गोल स्कोर से हराया। पहला गोल पूर्व मध्यमा प्रथम की कर्मा वांगमो ने वहीं श्रींग ढोल्मा ने दो गोल किया। द्वितीय वर्ष की ओर से ढोल्मा धोरोंग और शेंजिंग ने 1-1 गोल किया। पुरुष वर्ग में आचार्य द्वितीय और स्टाफ कंबाइंड के बीच खेला गया मैच 3-3 से ड्रॉ हो गया।

## प्रादेशिक बास्केटबॉल में वाराणसी मंडल उपविजेता

यूपी बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से 2 से 5 अगस्त तक प्रदेश स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता प्रयागराज के अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में खेली गई। प्रतियोगिता का फाइनल वाराणसी और गोरखपुर मंडल की टीम के बीच खेला गया। इसमें गोरखपुर ने वाराणसी को 95-61 के स्कोर से हरा दिया।

इसमें प्रणव और देव सिंह के प्रदर्शन की बदौलत वाराणसी की टीम उपविजेता बनी। गोरखपुर मंडल के प्रिंस ने 20 और अनुज ने 15 अंक बनाए जबकि वाराणसी मंडल के प्रणव ने 18 और देव ने 15 अंक बनाया। मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# परिषदीय विद्यालयों एवं अस्पतालों की दशा सुधारने के लिए जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

## शिक्षा विभाग टीम गठित कर जर्जर भवनों/कक्षों का करें स्थलीय निरीक्षण और जांचः डीएम रविन्द्र कुमार

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएं और जांच कर मरम्मत, निर्माण आदि की कार्यवाही करें। यदि कोई भवन या कक्ष पूर्णतः जर्जर अवस्था में हैं, वहां बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाएं और पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए आगामी कार्यवाही की जाएं। उन्होने कहा कि यदि आदेशों क्रम में कार्य नहीं हुआ और मेरी संज्ञान में कोई अनहोनी का प्रकरण आता है तो उसके लिए सबंधित अधिकारी/प्रबंधक जिम्मेदार होगा और उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि एमएमजी हॉस्पिटल में यदि कोई भवन या कक्ष जर्जर स्थिति में है तो उसके निरीक्षण व जांच हेतु पीडब्लूडी के साथ समन्वय बनाते हुए भवन का स्थलीय निरीक्षण करें, यदि भवन/कक्ष पूर्णतः अनुपयोगी हों, उन्हें तत्काल बंद किया जाएं और यदि मरम्मत की स्थिति हो तो मरम्मत हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में हुए हैं अभूतपूर्व कार्य : हातम सिंह नागर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा नेता हातम सिंह नागर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं जिनकी सराहना देश की जनता कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश की गरीब जनता को गरीबी से उभारने का कार्य किया है। देश की गरीब जनता को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवा के कार्यक्रम करके गरीबों को गरीबी से उभारा है। आज भारत दुनिया के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयुष्मान भारत के नाम से दुनिया में पहचाने जाने लगा है। आज हमारा भारत 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को कवर करते हुए। आयुष्मान भारत गरीब और मध्यम वर्ग को उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रहा है। आज हमारे भारत की प्रतिष्ठित स्वास्थ्य पत्रिकाओं में भी हेल्थ कवरेज को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की सराहना कर रहे है। गरीबों को वित्तीय धारा से जोड़ने के लिए जन धनयोजना शुरू की जिससे की गरीबों के सशक्तिकरण के रास्ते खुल सके। प्रधानमंत्री ने समाज के सबसे कमजोर वर्गों को बीमा और पेंशन कर देकर जन सुरक्षा पर भी जोड़ दिया है। गरीबों को मुक्त रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई है जिससे कि 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को रसोई प्रदान करने में गेम चेंजर साबित हुई।

### 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' की नीति को अपनाकर देश की दिशा और दशा बदली है : मनजीत सिंह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष भाजपा मनजीत सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में देश देश की जनता का साथ लेकर देश की जनता के विकास के लिए कार्य किए हैं। देश में आदर्श बदलाव किए हैं जिससे समावेशी विकास सोन्मुख और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने और समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को सरकार की योजनाओं और पहला का लाभ सुनिश्चित करने के लिए स्पीड और इसके पर काम किया है। आज प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां भी इस बात को मान रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत रिकॉर्ड गति से गरीबी को खत्म कर रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में बहुआयामी गरीबी के निष्कर्ष के अनुसार पिछले वर्षों में 25 करोड लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व से बदली है भारत की तस्वीर : अजेंद्र चौधरी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा महानगर पंचायत प्रकोष्ठ के सहसंयोजक अजेंद्र चौधरी ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास किया है और प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व से भारत की तस्वीर बदल दी है। आज का भारत पहले का भारत नहीं रहा। आज का भारत विकास के रास्ते पर है। 2024 के चुनाव में लोगों ने बढ़ चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया और भारी संख्या में मतदाताओं ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और देश के प्रति उनके विजन में विश्वास जताया। उनका कैंपेन आर्थिक विकास राष्ट्रीय सुरक्षा सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों आदि पर केंद्रित था जिसे जनता ने काफी पसंद किया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तकनीकी नवाचार बुनियादी ढांचे के विकास और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को नए सिरे से जोड़ दिया गया है जिससे भारत एक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का कार्यकाल अभूतपूर्व रहा है आजादी के बाद पैदा होने वाले पहले प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से अब तक भारत के प्रधानमंत्री के रूप में रहकर अभूतपूर्व कार्य किए हैं।




### पुरानी रामलीला कमेटी का टाईम नापने वाला कैलकुलेटर हो गया खराब

ये रामलीला वैसे तो अपने आप में एक पूरी हिस्ट्री लिए हुए है। मगर ये मिस्ट्री इसके पुराने होने को लेकर गहरा रही है। रामलीला वाले ही बता रहे हैं कि पुरातन होने के चक्कर में कैलकुलेशन तो ठीक से करो। लगता है रामलीला वालों का कैलकुलेटर खराब हो गया है। चलो हमने माना कि कैलकुलेटर खराब है तो हिसाब नहीं मिल रहा है लेकिन रामलीला के पुराने होने का हिसाब तो ठीक से दो। रामलीला वाले बता रहे हैं कि सबके बर्थ-डे वाले केक हर साल कटते हैं तो एक साल आयु बढ़ती है। लेकिन यहां तो हर साल रामलीला की आयु ही तीन साल बढ़ जाती है। 6 साल पहले इसी रामलीला को 102 साल पुराना बताया जा रहा था और अब 6 साल में ये रामलीला 128 साल पुरानी हो गई। रामलीला वाले ने ही कहा कि अगर इस प्राचीन वाले रथ को थामा नहीं गया तो ऐसा ना हो कि अगले साल ये रामलीला 150 साल पुरानी हो जाये। वो कह भी रहे है कि देखो ओ दीवानों ये काम ना करो, पुरातन के चक्कर में रामलीला को बदनाम ना करो।

### दो किलो का चांदी का फावड़ा और लिखे जायेंगे इस पर सौ नाम

परम्पराओं वाली रामलीला में इस बार कुछ तो प्रोसपेरिटी दिखाई दी है। चेरिटी वाली संस्था को लगा कि मिट्टी खोदने के लिए सामान्य ठीक नहीं लगेगा। पैसा राम का है तो किसी भी काम में लगाया जा सकता है। लिहाजा इस बार दो किलो का चांदी का फावड़ा तैयार हुआ। दो लाख वाला फावड़ा जब सांसद जी के हाथ में आया तो उनके दिमाग में तुरंत एक आइडिया आया। उन्होंने कहा कि इस पर तो अध्यक्ष का नाम होना चाहिए और अगले साल जो अध्यक्ष बने उसका नाम होना चाहिए। किस्सा रामलीला तक पहुंचा तो उन्होंने कहा कि नाम का सिलसिला ऐसा है कि फावड़े के दोनों तरफ और फावड़े की मूठ पर भी नाम लिखे जायेंगे तो भी नाम कम पड़ जायेंगे। अध्यक्ष ही क्यों महामंत्री और खजांची कहां जायेंगे। पैसा तो फावड़े में पूरी रामलीला का लगा है लिहाजा उस्ताद और खलीफा भी आयेंगे। फावड़ा किसी एक का नहीं है इसलिए हर साल पूरी कमेटी के नाम आयेंगे। सुना है कि किसी ने चुपके से ये आईडिया दिया कि नाम-वाम छोड़ो और हर साल फावड़े को गलवाकर दोबारा से मौजूदा कमेटी का नाम लिखवा दो। कह देंगे कि चांदी थी काली पड़ गई। फावड़ा ही तो है कौन सा रघुकुल की रीत है जो ये कहा जायेगा कि रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। ये तो चांदी का फावड़ा है, हर साल बड़े आराम से हर भूमि में चेंज हुई जाई।

### 50 की गड्डी मिलते ही फूड इंस्पेक्टर ने कर दिये सैम्पल आधे माफ

होली आये, दिवाली आये या आये कोई त्योहार, इन सबके आते ही फूड वाले भी हो जाते हैं तैयार। बाजार वाले इन दिनों एक नए फूड इंस्पेक्टर से दुखी हैं। फूड वाला रूड भी है और सुना है कुछ शुरूड भी है। किस्सा बाजार में गूंज रहा है और मामला जल्दी ही विधायक तक पहुंचेगा। बाजार वाले बता रहे हैं कि पहले वाली मैडम तो होली-दिवाली से ही मान जाती थी। लेकिन नए वाले साहब ने तो आते ही सांसद विधायक का फोन मानने से भी इंकार किया है। उनकी स्पीड इतनी तेज है कि एक झटके में वो केस को माफ कर देते हैं और एक झटके में केस को हाफ कर देते हैं। बाजार वाले धनेश जी बता सकते हैं, मुनेश जी बता सकते हैं कि फूड वाले साहब आये और गुटके के 12 सैम्पल भर लिये। अचानक से मैजिक हो गया और 50 वाली गड्डी आते ही बिना किसी लॉजिक के सैम्पल हाफ हो गये। अब केवल 6 सैम्पल भरे गये हैं। लेकिन दिन-दहाड़े इस उगाही से व्यापारी भरे बैठे हैं। उनका कहना है कि किसी दिन अब मौके पर विधायक जी को ही बुलाया जायेगा। अगर फूड वाले हमें हलवा समझ रहे हैं तो उनकी गलतफहमी को दूर कराया जायेगा। किस्सा बीच बाजार में गूंज रहा है।

### मोदी जी के नेतृत्व से भारत को मिली है एक नई पहचान : संजीव त्यागी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद संजीव त्यागी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व से भारत को विदेश में एक नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की पहल ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता और भूमिका का एहसास कराया है। प्रधानमंत्री ने सार्क देशों के सभी प्रमुखों की उपस्थिति में अपना पहला कार्यक्रम शुरू किया और दूसरों की शुरूआत में बिम्सटेक नेताओं को आमंत्रित किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके संबोधन की दुनिया भर में सराहना की गई। प्रधानमंत्री मोदी 17 साल की लंबी अवधि के बाद नेपाल, 28 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया, 31 साल के बाद फिजी और 34 साल के बाद सेशेल्स और यूएई के द्वितीय दौरे पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने यूएन, बीआरआईसीई, एसएएआरसी और 20 समिट में भाग लिया जहां विभिन्न वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर भारत के विचारों को व्यापक रूप से सराहा गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के नरेंद्र मोदी के आह्वान को संयुक्त राष्ट्र में जबरदस्त समर्थन मिला। इस पहल के लिए दुनिया भर के कुल 177 राष्ट्र एक साथ आए और 21 जून को संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। आज विदेश में भी भारत का डंका बज रहा है इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

### मोदी जी हैं जनता के विश्वसनीय नेता : चौधरी सिद्धार्थ युगल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गाजियाबाद चौधरी सिद्धार्थ युगल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनता के विश्वसनीय नेता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आमजन की समस्याओं को हल करने और उनके जीवन स्तर में सुधार करने के लिए समर्पित रहते हैं। लोगों के बीच रहने उनके साथ खुशियां साझा करने और उनके दुखों को दूर करने से ज्यादा कुछ भी उनके लिए संतोषजनक नहीं है। जमीनी स्तर पर तो उनका लोगों के साथ एक मजबूत व्यक्तिगत जुड़ाव तो है ही साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी उनकी मजबूत उपस्थिति रहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे ज्यादा टेक्नो 7 लीडर के रूप में भी जाना जाता है। वह लोगों तक पहुंचने और उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए सोशल मीडिया प्रयोग करते हैं। वह फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम साउंडक्लाउड और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बहुत सक्रिय रहते हैं। नरेन्द्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व से भारत को एक नई दिशा दी है। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनोखे कार्य किए हैं जिनका देश की जनता सारा रही है। ऐसे कार्य पिछली सरकारों के लिए संभव नहीं थे।

## नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर सीबीआई ने दस बिल्डरों की फाइलें खंगाली, साइट का भी मुआयना किया




**नोएडा।** करंट क्राइम। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जांच का आदेश आने के बाद बुधवार को सीबीआई की एक टीम नोएडा प्राधिकरण पहुंच कर बिल्डरों से जुडी फाइलों को खंगाला। पैसे जमा करने के बाद भी लोगों को घर मुहैया नहीं कराने पर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को 22 बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इसी के तहत सीबीआई ने नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर से इन बिल्डरों की फाइलों की जांच की। सीबीआई की टीम ने प्रोजेक्टों का मौके पर जाकर मुवायना किया। नोएडा में सबवेंशन स्कीम के तहत सीबीआई ने 22 बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसमें 10 बिल्डर नोएडा प्राधिकरण से जुड़े है। बुधवार को सीबीआई की टीम प्राधिकरण पहुंची। यहां 10 बिल्डर की कंस्ट्रक्शन से जुड़ी जानकारी ली गई। इनके कंस्ट्रक्शन स्टेटस आवंटन और बकाया से संबंधित जानकारी ली गई। साइट पर कितना के ओसी, सीसी जारी किया गया। प्राधिकरण में करीब डेढ़ घंटे के आसपास टीम रही।

## मधुबन बापूधाम के ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों मे चल रही व्यवसायिक गतिविधियों के खिलाफ की गयी सीलिंग की कार्यवाही



गाजियाबाद करंट क्राइम। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों के अनुपालन में मधुबन बापूधाम योजना में सीलिंग की कार्यवाही गई। यह कार्यवाही बुधवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-03 के नेतृत्व में मधुबन बापूधाम आवासीय योजना के अन्तर्गत बने ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों में की गई। यहां कुछ भवन स्वामियों ने आवासीय भवनों में व्यवसायिक गतिविधियाँ कर रहे थे। प्राधिकरण ने भवन स्वामियों को पूर्व में नोटिस दिये जाने के उपरान्त भी लोगों द्वारा व्यवसायिक गतिविधियॉ जारी रखी गई। जिसके कारण इनके विरुद्ध सीलिंग की कार्यवाही की गई। सीलिंग की कार्यवाही के दौरान प्रभारी प्रवर्तन जोन-03, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-03 का समस्त स्टाफ व प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

## श्रावण मास की अंतिम बुधवार को गोवंश नंदी हरा चारा सेवा को किया सार्थक





गाजियाबाद करंट क्राइम। बुधवार 6 को श्रावण मास की अंतिम बुधवार को गोवंश नंदी हरा चारा सेवा को सार्थक करने के लिए डॉ. एस. पी. पांडे मुख्य जिला पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ अनुज कुमार सिंह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नगर निगम, डॉ आशीष त्रिपाठी पशु चिकित्सा अधिकारी नगर निगम व डॉ हरिवंश की गरिमामई उपस्थिति रही। जिनका अंगवस्त्र ओढ़ा कर व नंदी जी का प्रतीक चिन्ह देकर रेड क्रॉस की सेवा भावना से ओतप्रोत किया। सभापति डॉ सुभाष गुप्ता ने बताया कि सभी ने अपने हाथ से गोवंशों को हरा चारा व गुड़ खिलाया। इस अवसर पर सभापति के अतिरिक्त एम. सी.गौड़, आर. डी. शर्मा, धवल गुप्ता, शुभम चतुर्वेदी, एस. वल्ली, अनुराग अग्रवाल, अनुज शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, रामावतार जाटव, मोहित सूद व आदि ने कार्यक्रम को भव्य बनाया।

## नोएडा फूड विभाग का छापा, 350 किलो खराब रसगुल्लों को मौके पर किया गया नष्ट, मिलावटखोरों के खिलाफ जांच शुरू



**नोएडा करंट क्राइम।** आगामी दिनों आने वाले त्यौहारों को देखते हुए नोएडा में डीएम मेधा रूपम के निर्देश पर व्यापक पैमाने पर मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया। जिला प्रशासन की ओर से खाद्य विभाग को टीमें बनाकर अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर मिठाई व अन्य सामग्रियों की जांच के निर्देश दिए गए। आगामी दिनों रक्षाबंधन, जन्माष्टमी जैसे पर्व है। इन पर्वों में बडी मात्रा में मिठाई व अन्य खानपान की वस्तुएं खरीदी जाती है। डीएम के निर्देश के बाद खाद्य विभाग की ओर से टीमें बनाकर छापेमारी की जा रही है। डीएम मेधा रूपम ने बताया कि मिलावटखोरों और बासी सामानों से मिठाई बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फूड विभाग की ओर से मिठाई की दुकानों से सैंपल लिए जा रहे हैं। इसके तहत बुधवार को सेक्टर-63 छिजारसी की गली नं-1 में गोदाम पर छापेमारी की गई। इसमें 350 किलो खराब रसगुल्लों को मौके से नष्ट कराया गया। फूड विभाग ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा।




### कोतवालों की टेबल से क्यों गायब हुई टॉफी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम फेस बदले तो हाल और हालात भी बदले थे। नए साहब ने आने के बाद नई पहल शुरू की गई थी। थाना प्रभारियों की टेबल पर थाने में आने वाले बच्चों के लिए टॉफी की शुरूआत की गई थी। पुलिस के सूत्र बताते हैं इसके लिए बाकायदा बिल वाला सिस्टम भी शुरू हुआ था लेकिन अभी साहब के कार्यकाल को 100 दिन ही बीते हैं और उनके अधीनस्थों ने आदेशों पर ढिलाई बरतनी शुरू कर दी है, तस्वीरें इशारा कर रही हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के तीनों ही जोन में कई थाने ऐसे हैं, जहां कोतवालों की टेबल से टॉफी वाला डिब्बा गायब हो गया है। वहीं कई थानों में तो हालात यह है कि अगर टॉफी वाले डिब्बे में टॉफी नजर आती है, तो खुद ड्यूटी पर रहने वाले पुलिसकर्मी ही उस पर हाथ साफ कर देते हैं। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि एक थाने में तो मामला ऐसा भी सुनने में आया है की टॉफी की सुरक्षा के लिए बाकायदा तलो और रेक का इस्तेमाल किया गया। कुल मिलाकर सीन इन दिनों यह है कि सिटी के कई थाने तो नदिया पार के भी थानों में प्रभारियों की टेबल से टॉफी गायब है। अब सवाल इसलिए उठ रहा है कि जब अकाउंट वाले कार्यालय से ट्रॉफी के लिए बजट और बिल भी पास किया जा रहे हैं, तो थाने वाले प्रभारी ट्रॉफी के नाम पर कंजूसी क्यों दिखा रहे हैं या फिर कहानी कुछ और ही है। सुनने में आ रहा है कि पहले तो कई प्रभारियों ने ट्रॉफी के साथ वाली फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड की, तो वह उनके व्हाट्सएप प्रोफाइल और स्टेट्स पर भी नजर आई लेकिन जब से थानों में ट्रॉफी के डिब्बे गायब हुए, उसके बाद से सोशल मीडिया से लेकर मोबाइल वाले स्टेट्स तक यह वाली तस्वीरें गायब चल रही हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या साहब के आदेश 100 दिन में ही समाप्त हो गए या थानों के प्रभारी मीटिंग, मैनेजमेंट और पुलिसिंग में इतने व्यस्त हो गए कि वह साहब के आदेश ही भूल चुके हैं। कुल मिलाकर बात चाहे जो भी हो पर जिस तरीके की अच्छी और गुड फीलिंग वाली पुलिसिंग का यह कार्य शुरू किया गया था, उसे जारी रखा जाना चाहिए था। तो वहीं सूत्र यह बता रहे हैं की टॉफी गायब होने को लेकर कई सर्किल में तो उनके एसीपी स्तर के अधिकारी भी सवाल पूछ चुके हैं। अब देखना होगा कि कब थानों के प्रभारियों की टेबल पर टॉफी वाला डब्बा और थाने आने वाले बच्चों के साथ वही दोस्ताना अंदाज कब से नजर आता है।



## भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के पदाधिकारियों ने डीएम गाजियाबाद को सौंपा ज्ञापन



**गाजियबाद करंट क्राइम।** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी, गाजियाबाद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अपनी समस्याओं को बताते हुए कहा कि मोदी शुगर मिल पर गन्ना किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान बाकी है इसका तत्काल भुगतान ब्याज सहित कराया जाए। जीडीए ने हरनंदीपुरम नाम से नया शहर बसाने की घोषणा की है जिसमें प्रस्तावित 22 गांव की भूमि है अगर प्रस्तावित 22 गांव की भूमि अधिकृत की जाती है तो भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का चार गुना और शहरी क्षेत्र का दोगुना मुआवजा मिलता है। अगर नगर निगम बनने से पहले अधिग्रहण होता है तो उसका मुआवजा चार गुना है। यदि ग्रामीण क्षेत्र को नगर निगम में लाना चाहता है तो उसका वर्तमान सर्किल रेट तत्काल बढ़ाया जाए तत्पश्चात उसका भूमि अधिग्रहण किया जाय। किसानों को जो भूखंड दिए जाते हैं वह सभी भूखंड एक जगह दिए जाते हैं यह किसानों के साथ अन्याय है किसानों को जो 10 परसेंट भूखंड मिलने हैं वह प्रत्येक सेक्टर में विभाजित हो। नगर निगम के अंतर्गत जो गांव है उन गांव की सड़क सीवर बिजली पानी के पीने आदि की समस्या है जिनका जल्द से जल्द निवारण क्या जाना अत्यंत जरूरी है। हरनंदीपुरम में किसानों की जमीन जो गाजियाबाद विकास प्राधिकरण किसानों से खरीद रहा है उसका भाव बाजार भाव से निर्धारित किया जाए।



जिलाधिकारी गाजियाबाद को ज्ञापन सौंपने के समय भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट कुंवर अयूब अली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सोनवीर चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, राष्ट्रीय सचिव सोनवीर खुटैल आदि लोगों की उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सहकारिता अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने अपने जन्मदिन पर बांके बिहारी मंदिर में पूजन अर्चन किया। इस दौरान उनके साथ अमित सारस्वत रहे। वीरेंद्र सारस्वत ने अपने जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मुनीर के राष्ट्रपति बनने की अटकलों पर पाकिस्तान की सेना का बयान, कहा- ये सभी अटकलें बेबुनियाद

**इस्लामाबाद ।** इस तरह की अफवाहें खासतौर पर सोशल मीडिया पर चल रही थीं, जिनमें दावा किया जा रहा था कि सेना अब खुलकर सत्ता में आने की तैयारी कर रही है। लेकिन अब खुद सेना ने इन चचाओं को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने द इकोनॉमिस्ट को दिए इंटरव्यू में कहा कि जनरल आसिम मुनीर के राष्ट्रपति बनने की खबरें पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने साफ किया कि ऐसी कोई योजना न तो चल रही है और न ही विचाराधीन है। पाकिस्तान के सरकारी टेलीविजन चैनल पीटीवी ने भी इस बयान को बुधवार को सोशल मीडिया पर साझा किया।



जरदारी की कुर्सी खतरे में नहीं इससे पहले 10 जुलाई को आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने भी इन अफवाहों को ह्यषड्यंत्रकारी अभियानह्ल करार देते हुए खारिज किया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रपति जरदारी और सेना के नेतृत्व के बीच सम्मान और विश्वास का संबंध है। नकवी ने यह भी जोड़ा कि जनरल मुनीर का पूरा ध्यान केवल पाकिस्तान की मजबूती और स्थिरता पर है, न कि किसी राजनीतिक पद या ताकत पर।

**पाकिस्तान में बीते कुछ हफ्तों से यह चर्चा तेज हो गई थी कि सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर राष्ट्रपति बनने की तैयारी में हैं और वर्तमान राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को हटाया जा सकता है**

इस अफवाह के पीछे किसका हाथ सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया पर चल रही इस मुहिम के पीछे कुछ ऐसे गुटों का हाथ माना जा रहा है जो सेना और सरकार के बीच टकराव का माहौल बनाना चाहते हैं। इन अफवाहों में कहा गया कि मुनीर को फील्ड मार्शल का दर्जा देकर उन्हें राष्ट्रपति भवन तक लाने की तैयारी हो रही है। जबकि हकीकत में न तो पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का एक्टिव रोल है और न ही इस पद पर कोई संवैधानिक शक्ति होती है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती जा रही है और सेना की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इमरान खान की गिरफ्तारी, चुनाव में धांधली के आरोप और विपक्षी दलों की नाराजगी ने सेना की छवि को प्रभावित किया है।

# रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की नई उम्मीद

## मॉस्को पहुंचे ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकोफ

**मॉस्को ।** रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौता की कोशिशों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विशेष दूत स्टीव विटकोफ बुधवार को रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचे। विटकोफ की मॉस्को यात्रा यूक्रेन और रूस के बीच शांति समझौता कराने की कोशिशों के बीच हो रही है। कारण है कि बीते दिनों व्हाइट हाउस ने रूस को चेतावनी दी है कि अगर जल्दी शांति नहीं हुई तो कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे। बता दें कि रूस पहुंचने के साथ ही स्टीव विटकोफ को मॉस्को के जरयादये पार्क में रूस के राष्ट्रपति के आर्थिक मामलों के दूत किरील दिमित्रीव के साथ घूमते देखा गया। दिमित्रीव पहले भी रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता में अहम भूमिका निभा चुके हैं। दिमित्री पेस्कोव ने किया विटकोफ का स्वागत हालांकि रूस की तरफ से अभी यह नहीं बताया गया है कि विटकोफ राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे या नहीं। क्रीमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने विटकोफ के आने का स्वागत किया। साथ ही कहा कि ये बातचीत बहुत जरूरी और फायदेमंद हैं। ट्रंप ने रूस को दी थी अंतिम तारीख इससे पहले ट्रंप ने रूस को शुक्रवार तक की अंतिम तारीख दी है। अगर यूक्रेन में हिंसा नहीं रुकी तो अमेरिका रूस पर भारी टैक्स और कड़े आर्थिक कदम उठा सकता है। हालांकि, अब तक रूस की क्रीमलिन ने अमेरिकी धमकियों को नजरअंदाज किया है और बातचीत में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है। वहीं यूक्रेन का कहना है कि ये प्रतिबंध रूस की युद्ध ताकत को कमजोर कर रहे हैं और वह चाहता है कि पश्चिमी देश इन्हें और कड़ा करें। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को अमेरिका, यूरोप और अन्य देशों से अपील की कि वे रूस के ऊर्जा, व्यापार और बैंकिंग सेक्टर पर और सख्त प्रतिबंध लगाएं।



# मेडिकल ट्रांसपोर्ट विमान उत्तरी एरिजोना में क्रैश हुआ, दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**एरिजोना ।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में नावा जो नेशन क्षेत्र में मंगलवार को एक छोटा मेडिकल ट्रांसपोर्ट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में विमान में सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी नावा जो जनजाति के अधिकारियों ने दी। इस दुर्घटना में शामिल विमान बीचक्राफ्ट किंग एयर 300 था, जो सीएसआई एविएशन कंपनी का था। यह विमान न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क शहर से उड़ा था और उसमें दो पायलट व दो स्वास्थ्यकर्मी सवार थे।



विमान को चिनले से अल्बुकर्क लौटना था जानकारी के मुताबिक, विमान की योजना चिनले के पास स्थित एयरपोर्ट पर उतरने की थी, जहां से एक गंभीर हालत वाले मरीज को लेकर वापस अल्बुकर्क लौटना था। लेकिन उतरते समय कोई तकनीकी गड़बड़ी हो गई और विमान क्रैश हो गया। नावा जो पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी एमेट याजी ने बताया कि, 'वे चिनले एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन अफसोस, कुछ गलत हो गया।' हादसे की सूचना मंगलवार दोपहर करीब 12:44 बजे मिली, जब एयरपोर्ट के पास काले धुएं के बादल उठते देखे गए। नावा जो इमरजेंसी विभाग की निदेशक शेरेन सैंडोवल ने बताया कि विमान एक मरीज को लेने आया था, जिसे विशेष इलाज की जरूरत थी। हालांकि, मरीज कहां था और उसकी हालत क्या है, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। विमान हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) मामले की जांच कर रहे हैं। हादसे से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। सीएसआई एविएशन कंपनी ने एक ईमेल बयान में हादसे की पुष्टि करते हुए गहरा दुख जताया और पीड़ितों के परिवारों व दोस्तों के प्रति संवेदना प्रकट की। अभी मृतकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

# सुनिश्चित करेंगे दोबारा न हो ऐसी त्रासदी

## हिरोशिमा परमाणु बम हमले की 80वीं बरसी पर बोले पीएम इशिबा

**हिरोशिमा ।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने हिरोशिमा पर परमाणु हमले की 80वीं बरसी पर उन लोगों को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस हमले में अपनी जान गंवाई थी। उन्होंने हिरोशिमा में आयोजित एक स्मृति समारोह में भाग लिया और फिर मीडिया से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार शांति बनाए रखने और परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए लगातार काम करती रहेगी।

प्रधानमंत्री इशिबा ने यह भी स्पष्ट किया कि जापान का नाटो जैसे किसी परमाणु साझेदारी समझौते में शामिल होने का कोई इरादा नहीं है। युद्ध के बाद अमेरिका जापान का सबसे करीबी सहयोगी बन गया है। इस बारे में उन्होंने किसी बदलाव की संभावना खारिज किया। स्मृति समारोह में शामिल हुए पीएम इशिबा



एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री इशिबा ने कहा, मैंने आज हिरोशिमा शहर के शांति स्मारक पार्क में आयोजित स्मृति समारोह में भाग लिया। आज से 80 साल पहले हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया गया था, जिससे यह शहर पलभर में राख में बदल गया। मैंने उन सभी आत्माओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने इस त्रासदी में अपनी जान गंवाई।

'दुखद अनुभव को पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे' प्रधानमंत्री ने आगे लिखा, समारोह के बाद मैंने एक बार फिर शांति स्मारक संग्रहालय का दौरा किया। हम दुनिया का एकमात्र ऐसा देश हैं, जो परमाणु बम के भयावह अनुभव को दूसरों तक पहुंचा सकता है। हम इस दुखद अनुभव की याद को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की अगुवाई करेंगे कि फिर कभी ऐसी कोई त्रासदी न हो। हिरोशिमा में परमाणु हमले में बचे हुए पीड़ितों के प्रतिनिधियों से बातचीत में मैंने परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया बनाने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों, ह्यहिरोशिमा एक्शन प्लानह्ल, पीड़ितों के लिए सहायता योजनाएं और संग्रहालय के विस्तार पर चर्चा की।

उन्होंने कहा, सरकार परमाणु हथियार न रखने के तीन सिद्धांतों को पूरी मजबूती से अपनाए हुए है और इनमें बदलाव की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इशिबा ने इस बात पर भी जोर दिया कि अमेरिका की ओर से जापान को मिलने वाले सुरक्षा सहयोग को और प्रभावी कैसे बनाया जाए, इस पर विचार करना जरूरी है।

# गाजा में मौत का भयावह मंजर: हर दिन भुखमरी से मर रहे 28 बच्चे, संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में बड़ा दावा

**संयुक्त राष्ट्र ।** इस्राइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा किया है। संयुक्त राष्ट्र ने बताया है कि गाजा में हर दिन करीब 28 बच्चे मारे जा रहे हैं। यह बच्चे बमबारी, भूख, बीमारी और जरूरी मदद न मिलने की वजह से जान गंवा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने कहा है कि गाजा के बच्चों को सबसे ज्यादा खाना, पानी, दवा और सुरक्षा की जरूरत है। और सबसे जरूरी है कि तुरंत ही युद्ध रोक दिया जाए। बता दें कि बढ़ते संकट के बीच दावा किया जा रहा है कि इस्राइल ने दो मार्च से गाजा के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। हर दिन केवल 86 ट्रक सहायता भेजे जा रहे हैं, जबकि कम से कम 600 ट्रकों की जरूरत होती है। इस वजह से गाजा में बहुत बड़ी भूखमरी फैल गई है।

क्या है संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों की मांग वहीं मामले में संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों और 150 से ज्यादा मानवतावादी संगठनों ने युद्ध बंद करने और जरूरी मदद पहुंचाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि गाजा के बच्चे एक खोई हुई पीढ़ी बनते जा रहे हैं, जिन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से भी मदद चाहिए। हालांकि इन सबके बीच बुधवार को भी इस्राइल ने गाजा पर भीषण हमला किया। इस हमले में गाजा में कम से कम 83 लोग मारे गए, जिनमें 58 लोग ऐसे थे जो मदद लेने जा रहे थे। गाजा के नागरिक रक्षा विभाग ने संयुक्त राष्ट्र और मदद संगठनों से ईंधन और उपकरणों की आपूर्ति की अपील की है ताकि घायल लोगों को बचाया जा सके।



क्या कहना है इस्राइली सेना का वहीं इस मामले में इस्राइली सेना ने कहा है कि छह देशों ने 110 और मदद के पैकेट गाजा में एयरड्रॉप किए हैं। जुलाई 27 से अब तक कुल 785 पैकेट एयरड्रॉप किए जा चुके हैं।

# घर में ही घिरे ट्रंप: भारत जैसे मजबूत सहयोगी से रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए, निक्की हेली की सरकार को सलाह

**वॉशिंगटन ।** निक्की हेली ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, 'भारत को रूस से तेल नहीं खरीदना चाहिए। लेकिन चीन, जो एक विरोधी है और रूसी तथा ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है, उसे 90 दिनों के लिए टैरिफ में ढील दी गई है। चीन को छूट न दें और भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ अपने रिश्ते खराब न करें।' दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर हेली, ट्रंप के पहले कार्यकाल में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत थीं और अमेरिकी प्रशासन में कैबिनेट स्तर के पद पर नियुक्त होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी बनीं। निक्की हेली की यह टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के कुछ घंटों बाद आई, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है और उन्होंने घोषणा की थी कि वह अगले 24 घंटों में भारत पर टैरिफ काफी हद तक बढ़ा देंगे। ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत, रूस से तेल खरीद रहा है और रूस को यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में ईंधन देने का काम कर रहा है। भारत ने किया था पलटवार ट्रंप के भारत पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी के बाद भारत ने भी सोमवार को अमेरिका और यूरोपीय संघ पर असामान्य रूप से तीखा पलटवार किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि 'भारत अपने उपभोक्ताओं के लिए सस्ती और स्थिर ऊर्जा मुहैया कराने के लिए रूस से तेल आयात करता है। जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वे खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं। भारत की तरह उनका यह व्यापार उनकी कोई मजबूरी भी नहीं है। वास्तव में भारत ने रूस से तेल इसलिए आयात शुरू किया, क्योंकि संघर्ष के बाद पारंपरिक सप्लाई यूरोप की ओर मोड़ दी गई थी। उस समय अमेरिका ने खुद भारत को ऐसे आयात के लिए प्रोत्साहित किया था ताकि दुनिया के तेल बाजार की स्थिरता बनी रह सके।' ट्रंप का बयान- चीन से हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं।



**रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर टैरिफ लगाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अब इस मुद्दे पर अपने देश में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल अमेरिका की वरिष्ठ नेता और राष्ट्रपति पद की दावेदार रहीं निक्की हेली ने कहा है कि अमेरिका को भारत जैसे मजबूत सहयोगी के साथ रिश्ते खराब नहीं करने चाहिए**

# पाकिस्तान 1 सितंबर से शुरू करेगा निर्वासन

## 13 लाख से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को निकाला जाएगा

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान सरकार ने घोषणा की है कि देश में रह रहे 1.3 मिलियन (13 लाख) से ज्यादा अफगान शरणार्थियों की औपचारिक वापसी और निर्वासन की प्रक्रिया 1 सितंबर 2025 से शुरू की जाएगी। यह शरणार्थी वो हैं जिनके पास प्रूफ ऑफ रजिस्ट्रेशन (पीओआर) कार्ड हैं, लेकिन ये कार्ड 30 जून को समाप्त हो चुके हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिनके पीओआर कार्ड की वैधता खत्म हो चुकी है, वे अब अवैध निवासी माने जाएंगे। ऐसे लोगों को अब पाकिस्तान में रहने की अनुमति नहीं होगी।

पाकिस्तान के गृह मंत्रालय ने एक पत्र जारी कर सभी प्रांतीय सरकारों, पुलिस अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों को इस योजना की जानकारी दी है। इस योजना को 'अवैध विदेशियों के प्रत्यावर्तन योजना (आईएफआरपी)' कहा जा रहा है। इस योजना के तहत इन सभी को निकाला जाएगा। स्वैच्छिक वापसी- यानी शरणार्थी अभी से स्वेच्छा से लौट सकते हैं। इसके लिए कोई रोक नहीं है। औपचारिक निर्वासन- जिन शरणार्थियों ने स्वेच्छा से वापसी नहीं की, उन्हें 1 सितंबर से वापस भेजा जाएगा। एसीसी कार्डधारियों पर भी असर- जिनके पास अफगान सिटीजन कार्ड (एसीसी) हैं, उनकी वापसी की प्रक्रिया पहले से चल रही है और वही जारी रहेगी।



किन एजेंसियों को क्या काम सौंपा गया है? इसके लिए गिलगित-बाल्टिस्तान मंत्रालय और सैफरान विभाग को आदेश दिया गया है कि वे सभी पीओआर कार्डधारियों का डेटा जिलों को दें। वहीं नेशनल डाटाबेस और रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (एनएडीआरए) वापसी कर रहे शरणार्थियों की डीरजिस्ट्रेशन करेगी। बॉर्डर टर्मिनलों पर यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एफआईए) बॉर्डर पर निर्वासन प्रक्रिया में मदद करेगी। इसके साथ ही प्रांतीय सरकारें अपने-अपने इलाकों में सभी पीओआर कार्डधारियों का मैपिंग करेंगी। ट्रांजिट एरिया बनाए जाएंगे जहां से शरणार्थियों को भेजा जाएगा। यात्रा के लिए वाहन, वित्तीय सहायता की व्यवस्था भी करनी होगी। खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में विशेष बैठक केपीके प्रांतीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक सोमवार को हुई। जिलों के डिप्टी कमिश्नरों, पुलिस और स्पेशल ब्रांच को आदेश दिया गया कि अफगान समुदाय के बुजुर्गों के साथ 'जिरगा' आयोजित कर स्वैच्छिक वापसी के लिए प्रेरित करें। जिले में मौजूद पीओआर कार्डधारियों का पुनः सर्वेक्षण करें। वहीं एनएडीआरए और प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) को निर्देश दिया गया है कि पेशावर और लांडी कोटल के पुराने ट्रांजिट प्वाइंट को फिर से पूरी क्षमता से चालू किया जाए। शरणार्थी शिविर होंगे बंद कमेटी ने सुझाव दिया है कि जिन शरणार्थी शिविरों में अब कोई उपयोग नहीं है।

# ब्राजीली राष्ट्रपति ने ठुकराई ट्रंप की पेशकश

**रियो डी जेनेरियो ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक बयान में हाल ही में कहा कि ब्राजील के राष्ट्रपति उन्हें टैरिफ पर बात करने के लिए फोन कर सकते हैं। हालांकि ब्राजीली राष्ट्रपति ने ट्रंप की ये पेशकश ठुकरा दी है। ब्राजीली राष्ट्रपति ने कहा कि उनका देश अपने हितों की रक्षा के लिए विश्व व्यापार संगठन सहित सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल करेगा। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर बात करने के बजाय ब्रिक्स संगठन के सहयोगी देशों से बात करेंगे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था।

'ब्राजील अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों का सबसे खेदजनक समय' ट्रंप के एलान के बाद अमेरिका और ब्राजील के संबंधों में तनाव बढ़ गया है। ब्राजीली राष्ट्रपति लूला ने अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाए जाने के दिन को दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के इतिहास का 'सबसे खेदजनक' समय बताया। लूला ने कहा कि उनकी सरकार ब्रिक्स भागीदारों सहित अन्य देशों के साथ विदेशी व्यापार को मजबूत करने के लिए पहले से ही कार्रवाई शुरू कर चुकी है।



'पीएम मोदी से बात करूंगा' लूला ने ब्रासीलिया में एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा, '2025 में, हम अपने हितों की रक्षा के लिए विश्व व्यापार संगठन से बातचीत शुरू करने के साथ ही सभी संभव उपायों का सहारा लेंगे।' ब्राजील के नेता ने कहा कि 'वह टैरिफ पर चर्चा के लिए ट्रंप को फोन नहीं करेंगे, क्योंकि अमेरिकी नेता बात नहीं करना चाहते लेकिन मैं शी जिनपिंग को फोन करूंगा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को फोन करूंगा। मैं पुतिन को फोन नहीं करूंगा, क्योंकि वह अभी यात्रा नहीं कर सकते। लेकिन मैं कई राष्ट्रपतियों को फोन करूंगा।'

### कॉप 30 में आमंत्रित करेंगे ट्रंप को

बढ़ते तनाव के बावजूद, लूला ने कहा कि वह नवंबर में पारा के बेलेम में होने वाले संयुक्त राष्ट्र के जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, उडढ30 में राष्ट्रपति ट्रंप को आमंत्रित करेंगे।

# प्राचीन रामलीला कमेटी ने भूमि पूजन से दिया सेवा-समर्पण और समरसता का संदेश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन रामलीला कमेटी की बात करें तो श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी उत्तर प्रदेश की एकमात्र ऐसी रामलीला कमेटी है जो अपनी परम्पराओं से समृद्ध है। इस रामलीला के पास केवल धन का ही खजाना नहीं है बल्कि ये रामलीला परंपराओं से भी आभूषित है और ये ऐसी रामलीला है जिसकी परंपराओं का पूरे उत्तर प्रदेश में रुक्का है।

ये ऐसी रामलीला है जो परंपरागत रूप से रावण के दूत की मुनादी के साथ शुरू होती है। रावण का दूत पुराने शहर में घूमता है और उसके द्वारा कहे जाने वाले शब्द पारंपरिक हैं और रावण के दूत की मुनादी के साथ रामलीला महोत्व शुरू होता है। ये ऐसी रामलीला है जिसमें उस्ताद और खलीफा की परंपरा है, उस्ताद रामलीला के दौरान प्रति रात्रि आरती करते हैं।

मौजूदा समय में अशोक गोयल उस्ताद हैं और सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले भी इस रामलीला के खलीफा हैं। उन्हें पिछले साल ही यह उपाधि मिली है। ये ऐसी रामलीला है जिसके पास मैदान अपना है और इस बार इस रामलीला का ठेका एक करोड़ साठ लाख रुपए में छूटा है। ये रामलीला चैरिटी भी करती है और सबसे बड़ी खूबी इस रामलीला की महाभारत है जो हर साल होती है और फिर इस रामलीला का वो आपसी प्यार भी है जिसके लिये ये जानी जाती है। तैयारियों का आगाज भूमि पूजन से होता है। बुधवार को भी श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी का भूमि पूजन शुरू हुआ। चांदी के फावड़े के साथ नई परंपरा की शुरूआत हुई और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अपने अति व्यस्त कार्यक्रम में से भी समय निकाला वो इस भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे। मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन की शुरूआत हुई।

समिति के अध्यक्ष अजय बंसल प्रधान, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू, लेखा परीक्षक रविंद्र मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल चौधरी सहित रामलीला कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लिया और फिर सभी ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। समिति के पदाधिकारियों ने एक संदेश दिया और यहां पर सबकी सहभागिता का भी एक संदेश नजर आया।

## परंपराओं को भी रखेंगे जीवित और आधुनिकता का भी होगा समावेश

### थियेटर कलाकारों ने दिखाई रामलीला की झांकी

**(करंट क्राइम)।** परंपराओं वाली रामलीला आधुनिकता के साथ आ रही है और परंपराओं वाली रामलीला में अब थियेटर वाले राम-सीता और हनुमान आ चुके हैं। बुधवार को थियेटर के ये कलाकार रामलीला मैदान में पहुंचे। थियेटर की निदेशक नीरा बख्शी के निर्देशन में कलाकारों ने अपनी-अपनी अभिनय क्षमता की झांकी पेश की। धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सबसे बड़ी बात ये थी कि रामलीला कमेटी का ये प्रयास था कि कमेटी के सभी सदस्य इन कलाकारों को देख लें और अभिनय को लेकर अगर कोई सुझाव उनके मन में है तो वो दे सकते हैं।

### कमेटी के पदाधिकारी दे रहे थे सेवाभाव का बड़ा संदेश

**(करंट क्राइम)।** सबसे पुरानी रामलीला और सबसे समृद्ध इतिहास इस रामलीला का है। उससे भी बढ़कर विशेषता ये है कि कमेटी मेहमानों के स्वागत और सेवा का संदेश बखूबी देने में सफल रही। यहां आने वाले सभी अतिथियों को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल, महामंत्री नरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू और वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच से सभी का परिचय कराया गया। सेवाभाव की बात करें तो यहां मोहित मित्तल सबसे आगे दिखाई दिये। स्वादिष्ठ कुल्फी से लेकर मिष्ठान तक वो सभी को आग्रहपूर्वक खिला रहे थे। कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू भी सभी का ध्यान रख रहे थे। अभिवादन से लेकर स्वागत तक की जिम्मेदारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू संभाले हुए थे। सादगी सरलता की बात करें तो पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा संरक्षक विरेंद्र कुमार वीरो बाबा यहां मौजूद थे और उनसे ये सीखा जा सकता है कि सेवा के लिये पद पर होना जरूरी नहीं है, सेवा के लिये मन में जज्बा होना जरूरी है।

### शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपने व्यवहार से लूट ली महफिल



**(करंट क्राइम)।** अदावत, अपनापन, आत्मीयता और सियासत इनके खिलाड़ियों की बात करें तो यहां मुकाबला रोचक होता, लेकिन हुआ यूं कि सांसद अतुल गर्ग को अति आवश्यक कार्य से जल्दी जाना था और उनके जाने के काफी देर बार शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे। संजीव शर्मा का अपना अंदाज है और उनकी लोकप्रियता का मुलाहिजा तब हो गया जब उन्होंने श्रीराम भवन हॉल में एंट्री ली। आयोजकों में जोश आ गया और सभी उनके आसपास आने लगे। संजीव शर्मा को देखकर मंच पर प्रभु हनुमान का किरदार निभा रहे कलाकार भी उनके पास आ गए और फिर संजीव शर्मा अपने अंदाज में इस पूरी महफिल को लूटकर ले गए। लोग उनके साथ ही रहे और संजीव शर्मा ने एक बार फिर ये दिखाया कि लोग उन्हें ऐसे ही टीआरपी का किंग नहीं कहते हैं वो अपने आप में एक काफिला है और सबको साथ लेकर चलते हैं।

### जब पहुंचे ललित जायसवाल भी महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा के साथ

**(करंट क्राइम)।** शहर की सबसे पुरानी रामलीला कमेटी का भूमित पूजन हो रहा था और यहां राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप पहुंचे, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल पहुंचे, एमएलसी दिनेश गोयल पहुंचे और परंपराओं में एक चैप्टर उस समय जुड़ा जब कविनगर रामलीला समिति के अध्यक्ष, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन तथा हिंदी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल भी पहुंचे। उनके साथ कविनगर रामलीला कमेटी के महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा भी थे। ललित जायसवाल का सबसे गर्मजोशी से स्वागत रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने किया। सुधीर गोयल मोनू ने मंच से इस बात की घोषणा की कि पूरी कमेटी ललित जायसवाल की आभारी है वह छोटे से निमंत्रण पर बड़े दिल के साथ यहां आए हैं।



### इस बार सबसे अलग होगी मां सीता की विदाई

**(करंट क्राइम)।** इस बार श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी कुछ अलग अंदाज में आ रही है। वो अगर थियेटर के साथ आधुनिकता का समावेश लाई है तो वो कई परंपराओं को भी जीवित कर रही है। चांदी के फावड़े से भूमि पूजन हुआ और परंपरागत रूप से सभी का स्वागत हुआ। इस बार श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी में राम विवाह के बाद माता सीता की विदाई एक अनोखे अंदाज में होगी। कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल, उस्ताद अशोक गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव मित्तल साजू ने मां जानकी की विदाई के लिये विशेष रूप से डोली का निर्माण कराया है। यह खूबसूरत डोली सहारनपुर में तैयार करवाई गई है और इस पर तीन लाख रुपए की लागत आई है। बताया जाता है कि सीता विदाई का यह सीन जब शहर के प्रमुख मार्गों पर होता है तो आस्था का एक सैलाब उमड़ता है। मां जानकी की विदाई जब होती है तो महिलाओं की आंखों में आंसू होते हैं। मां जानकी के लिये उपहार हेते हैं। इस बार रामलीला कमेटी ने आस्था और श्रद्धा का सम्मान करते हुए मां जानकी की विदाई के स्वरूप को भगवान जगन्नाथ वाले रस्से से जोड़ा है। बताया जाता है कि जब मां जानकी की विदाई होगी तो जिस डोले पर मां जानकी की डोली रखी जाएगी उस रथ को श्रद्धालु रस्से से खींचेंगे। यह इसलिये है ताकि राम भक्तों का मां जानकी के भक्तों का आस्था का सैलाब एक नए स्वरूप में सामने आए और मां जानकी की विदाई में इस तरह से सबके हाथ लग जाएं।





























▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब पाठक जी गाजियाबाद में होते हैं तब वो देते हैं बारीकियों पर ध्यान? जैसे ही मंडल में तिरंगा यात्रा के अतिथियों की सूची मांगी गई तो यहां पर पेश कर दिया गया प्रभारियों को मुख्य अतिथि बनाने वाला प्लान? जब पाठक जी ने सूची पर किया गौर, तब उन्हें यहां पर एक त्यागी चेहरे दिखे इग्नोर? टटोलने पर पता चले हालात, नाम इसलिये शामिल नहीं हो पाया क्योंकि कमांडर भैया ने अपने कार्यकाल में इन चेहरे की नही बनने दी थी प्रभारी वाली बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यक्रम में शुरू हुआ राष्ट्र का गान? किसी ने मैडम को देखकर कहा- कि इनकी आवाज तो बहुत अच्छी है, मगर मुझे डाउट है कि ये गाना बीच में ही भूल जाएगी श्रीमान? जो संदेह था उस पर लगा दिया मैडम ने मौके पर राइट? बीच गाने में किसी सेंटेंस में अटग गई? ये स्थिति किसी को नहीं लग रही थी नाइस? मगर जो भी हो गाने का समापन हुआ वेरी से भी वेरी नाइस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी तिरंगा वाले कार्यक्रम की समीक्षा, तब पाठक जी के अंदाज लग रहे थे भारी? उन्होंने जब मामले को टटोला तब पता चला कि कार्यक्रम के प्रभारी और सहप्रभारी ने पूरी नहीं की हुई थी तैयारी? कहने वाले ने कहा- पाठक जी हैं संगठन के बारीक जानकार? वो यूं ही नहीं करते हैं किसी कार्यक्रम को पास? जब तक नहीं कर लेते एक-एक चीज की गहनता से जांच?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि तिरंगा वाले कार्यक्रम के दौरान उस वक्त लगा कईयों को एकसाथ 440 वोल्ट का झटका? जब उन्होंने देखा कि एक त्यागी चेहरे ने एक अभियान को लेकर खुद ही स्टेज पर पहुंचकर डलवा लिया अपने गले में पटका? कहने वाले कह रहे थे, हम थे इस बात से हैरान? त्यागी जी तो उस वाले कार्यक्रम से नाराज होकर चले गए थे? फिर क्यों बनाया उन्होंने पटका पहनने का प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा- त्यागी जी का रहता है इस बारे में मामला फाइन? उन्हें पता है, कब किस मौके पर लानी होती है चेहरे पर शाइन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो तो हैं उनके पुराने वाले चावल? फिर ना जाने क्यों किसी से अलग तरह की बात कर रहे थे रावल? कर रहे थे वो कार्यक्रम में घंटों इंतजार करने की बात? ऐसा कहते हुए कुछ नाराजगी वाले थे उनके अल्फाज़? पहले तो हमें भी नहीं हो रहा था इस बात पर विश्वास? जब मामले को हमने टटोला, तब सही निकली बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यक्रम के दौरान भगवा योद्धा ने भर दिया कार्यकताओं में जोश? एक आयाम को लेकर उन्होंने दिखाया जोश? कहा- इस आयाम में एक समय हमारा था प्रदेश में 77वां स्थान? मगर, खुशी की बात ये है कि प्रदेश में हम दूसरे नंबर पर आए हैं और पश्चिम में मिला है हमको पहला वाला स्थान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी कौन गाएगा राष्ट्रीय गान वाली बात, तब कोई चाहता था मैडम ब्राह्मण करें इसकी शुरूआत? मगर, पता चला है कि मैडम ने ऐसा करने से खड़े कर दिये हाथ? सुना है, मामला कुछ सीनियरटी पर आकर अटक गया था? इसलिये कुछ देर के लिये ये मामला लटक गया था?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहलवान के कार्यक्रम में हमें दिखा पूरा जोर? मगर, बाहर सुनाई दे रहा था कुछ और ही शोर? कहने वाले कह रहे थे मंत्री जी के क्षेत्र में था ये प्रोग्राम? मगर, होर्डिंग का डिजाइन बनाने में नहीं दिया गया ध्यान? कर दिया गया स्वतंत्र प्रभार वालों से कैबिनेट वालों का फोटो छोटा? कहने वाले कह रहे थे, बताओ ऐसा करने से क्या ठीक है होता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहलवान के कार्यक्रम में एक कश्यप जी की मौजूदगी की वजह से शायद दूसरे कश्यप रहे दूर? कहने वाले ने कहा- इन दूरियों के पीछे एक पुराना इतिहास है जरूर? अगर, इन वाले कश्यप जी को नहीं दिया होता पहलवान जी ने इतना भाव? तो कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी का नहीं दिखता अभाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कार्यक्रम में हमारा बैकड्रॉप पर भी गया था ध्यान? उस कार्यक्रम को लेकर तरह-तरह की चर्चा भी हो रही थी श्रीमान? कहने वाले कह रहे थे, इस बार फिर बैकड्रॉप पर नहीं हुए ठाकुर साहब के दीदार? या तो ये मामला बाईचांस है या फिर ऐसा करने से कोई चूक गया है यार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# पूर्व सीएम आतिशी का रेखा सरकार पर हमला

# 'प्राइवेट स्कूलों को फायदा पहुंचाने के लिए भाजपा बिल लाई'

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा की सरकार स्कूल फीस बिल लेकर आई है। इस बिल के खिलाफ बीते मंगलवार को अभिभावकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। वहीं एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने बिल को लेकर बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आम आदमी पार्टी की नेता और पूर्व सीएम आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर निजी स्कूलों को लेकर लाए गए बिल पर भाजपा सरकार को घेरा। आप नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाने के लिए बिल लेकर आई है। आगे कहा कि निजी स्कूलों की बढ़ाई गई फीस का अभिभावक विरोध कर रहे थे। जिसके बाद भाजरा सरकार ने अप्रैल में कहा कि वह बिल लेकर आ रहे हैं। लेकिन यह बिल चार महीने के बाद अगस्त में लाया गया। इसमें इतना समय क्यों लगा और इस बिल के लिए किसी से राय क्यों नहीं ली गई?

आगे कहा कि दरअसल, यह बिल निजी स्कूलों को बचाने और उन्हें फीस बढ़ाने का मौका देने के लिए लाया गया है। यह बात कल विधानसभा में भाजपा के विधायक राजकुमार भाटिया ने मान भी ली। बीते मंगलवार को आप दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने अभिभावकों के प्रदर्शन में शामिल होकर उनकी मांगों का समर्थन किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में निजी स्कूलों में फीस तय करने को लेकर जो कानून लाया जा रहा है, उस बारे में अभिभावकों से कोई राय नहीं ली गई। दिल्ली विधानसभा के पास चंदगी राम अखाड़ा पर अभिभावकों ने बढ़ी फीस वापस लो, स्कूल की मनमानी नहीं चलेगी, शिक्षा है व्यापार नहीं के नारे लगाए। अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री आशीष सूद के इस्तीफे की मांग की थी। सौरभ भारद्वाज ने कहा था कि अभिभावकों की मांग है कि सभी प्राइवेट स्कूलों का ऑडिट कराया जाए। भाजपा सरकार कह रही है कि वह हर स्कूल का ऑडिट करा चुकी है। लेकिन नए कानून में स्कूलों के ऑडिट का कोई प्रावधान नहीं है। अगर स्कूल के खिलाफ शिकायत भी करनी होगी तो 15 फीसदी अभिभावकों की जरूरत पड़ेगी। अगर किसी स्कूल में तीन हजार बच्चे पढ़ रहे हैं तो 450 अभिभावक हस्ताक्षर करेंगे तभी स्कूल के खिलाफ शिकायत की जा सकती है।







आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा था कि कमेटी के पास न कोई सीए है और ना कोई ऑडिटेट अकाउंट है तो प्राइवेट स्कूलों में फीस तय करने का फैसला कोई कमेटी कैसे करेगी? स्कूलों के टीचर कहेंगे कि हमारी सैलरी बढ़ानी है, तो अभिभावक इसमें क्या करेंगे? इसका साधारण तरीका यह था कि दिल्ली के 1677 स्कूलों का सरकार हर साल ऑडिट कराए। ऑडिट को सार्वजनिक किया जाए ताकि स्कूल को कितना फायदा या घाटा हुआ है, अभिभावकों को पता चल सके। इसके मुताबिक फीस घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने स्कूल फीस बिल में कई संशोधन करने के के लिए कई सुझाव दिए हैं। प्राइवेट स्कूल के खिलाफ शिकायत करने के लिए 15 फीसद अभिभावकों की अनिवार्यता को हटाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाा कि भाजपा प्राइवेट स्कूल मालिकों के साथ मिली हुई है।

# एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन जाएंगे पीएम मोदी

## गलवां घाटी संघर्ष के बाद होगा पहला दौरा



### जयशंकर ने एससीओ बैठक में उठाया था पहलगाम का मुद्दा

इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में जापान और चीन की यात्रा पर जाएंगे। भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद पीएम मोदी एससीओ सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। पीएम मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। 2020 में गलवां घाटी में हुई झड़प के बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। एससीओ सदस्य देशों के साथ चर्चा में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार पर चर्चा होगी। भारत-चीन संबंधों में स्थिरता और संवाद बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक मुलाकात की संभावना है। हालांकि पीएम मोदी की जापान और चीन की यात्रा के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले अक्तूबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा तनाव कम करने के प्रयासों में तेजी आई। वहीं पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की।

विदेश मंत्री ने कहा था कि भारत नए विचारों और प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि इस सहयोग का आधार आपसी सम्मान, संप्रभुता और सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए।

# महिला सांसद से चैन छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार, 20 से ज्यादा मामले हैं दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने आखिरकार कांग्रेस महिला सांसद सुधा आर की चैन छीनने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं, जो दक्षिणी दिल्ली का रहना वाला बताया जा रहा है। दक्षिणी जिला पुलिस ने महिला सांसद सुधा आर की चैन छीने वाले आरोपी रावत को मंगलवार रात को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 20 से ज्यादा मामले दर्ज हैं और वह दक्षिणी दिल्ली के हरकेश नगर का रहने वाला है। आरोपी ने अकेले ही वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार वह ज्यादातर अकेली चेन झपटमरी की वारदातों को अंजाम देता था।





आरोपी रावत ने महिला सांसद की करीबन 4 तोले की सोने की चेन उस समय छीन ली थी जब वह महिला साथी के साथ पोलैंड एंबेसी के पास सुबह की सैर के लिए निकली थी। इस मामले में चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया था। देर रात तक आरोपी सफदरजंग हॉस्पिटल के सामने से जाते हुए ट्रैक हुआ था।

जब मामला दक्षिण दिल्ली में पहुंचा तो दक्षिण जिला पुलिस सक्रिय हो गई। इसके बाद दक्षिण जिले के वाहन चोरी निरोधक दस्ते ने आरोपी रावत को हरकेश नगर से गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी एक दिन में झपटमारी की कई वारदातों को अंजाम देता था और अकेले ही वारदात करता था। आरोपी का कहना है कि उसे पता नहीं था कि वह महिला संसद की चेन छीन रहा है।

# सावन में बरेली को 'रुद्रावनम' की सौगात सीएम योगी ने किया शिलान्यास

**बरेली।** रुद्रावनम पार्क की परिकल्पना बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए ने की। उन्होंने अपनी टीम के साथ वास्तुविद सुमित अग्रवाल से डिजाइनिंग कराई। मुख्यमंत्री के द्वारा शिलान्यास के बाद इस पार्क को धरातल पर उतारा जाएगा। सावन माह में नाथनगरी बरेली को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान शिव को समर्पित रुद्रावनम पार्क की सौगात दी। बुधवार को बरेली दौरे पर आए मुख्यमंत्री ने रुद्रावनम का शिलान्यास किया। ग्रेटर बरेली में प्रस्तावित रुद्रावनम में भगवान शिव की कांस्य की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पार्क में एक सरोवर भी बनेगा। भक्तिभरी धुनों के बीच लेजर लाइटिंग और म्यूजिकल फाउंटेन पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। रुद्रावनम की





परिकल्पना बीडीए के उपाध्यक्ष मनिकंडन ए. ने की। उन्होंने अपनी टीम के साथ वास्तुविद सुमित अग्रवाल से इसकी डिजाइनिंग कराई। बीडीए उपाध्यक्ष ने रुद्रावनम के प्रस्तावित मॉडल को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री को इस परियोजना की पूरी जानकारी दी। बताया कि रुद्रावनम में भगवान शिव की विशाल कांस्य प्रतिमा स्थापित होगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के फाउंटेन के साथ-साथ रंग बिरंगी लाइट व म्यूजिकल फाउंटेन भी होगा, जिसमें वैदिक मंत्रोचार भी होगा।

### मानसरोवर नाम से बनेगा सरोवर

इस परियोजना में मानसरोवर नाम से एक सरोवर का निर्माण करा जाएगा, जिसके माध्यम से वर्षा का जल संचित होगा। सरोवर में नौकायान के साथ पिकनिक आदि संभव हो सकेगा। शिव की महिमा के बखान के साथ नाथ मंदिरों का इतिहास एवं नाथ कॉरिडोर की फिल्म दिखाने की तैयारी की जा रही है। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रामायण वाटिका के बाद रुद्रावनम के विकास से जल्द ही बरेली में आध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन का विकास होगा। मुख्यमंत्री योगी ने रुद्रावनम की परियोजना की तारीफ की। जल्द ही गुणवत्तापूर्ण निर्माण पूरा कराने के निर्देश दिए।

### रुद्रावनम एक नजर में

लागत – 30.75 करोड़

स्थान – सेवन सेक्टर ग्रेटर बरेली में होगा निर्माण

क्षेत्रफल – 23 एकड़

# उत्तरकाशी के धराली पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

## अधिकारियों के साथ लिया घटनास्थल का जायजा, सेना के 9 जवान लापता





**देहरादून। करंट क्राइम।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तरकाशी में बाढ और भूस्खलन का जायजा लेने पहुंच गए है। उत्तरकाशी जिले के धराली के पास खीर गंगा नदी के ऊपर बादल फटने से बाढ़ आ गई, जिससे वहां स्थित 20-25 होटल और होम स्टे के बहने और 50 लोगों के लापता होने की आशंका है। इससे पहले घटना को लेकर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की।

पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए राज्य आपदा प्रतिवादन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, जिला प्रशासन की टीम युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। डीएम ने बताया कि इस घटना में अभी तक 4 लोगों की मौत हो गई है. वहीं, भूस्खलन में सेना के 9 जवानों के लापता होने की भी खबर है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को बचाव और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, आईटीबीपी और स्थानीय पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति का जायजा लिया। उत्तरकाशी के धराली गांव की ओर एक पहाड़ी से पानी की तेज धारा बहते हुए कई घरों को बहा ले गई। हर्षिल के पास स्थित धराली इलाके में मंगलवार सुबह बादल फट गया। इस घटना में एक गांव बह गया और कई निवासी लापता हो गए हैं. अचानक जल स्तर बढ़ने के बाद स्थानीय बाजार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है।

# रिंगस से खाटू श्याम नई रेल लाइन के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू, 45 पैसे में यात्रा बीमा योजना

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि राजस्थान के रिंगस से खाटू श्याम मंदिर तक सीधी रेल सेवा शुरू करने के लिए 17 किलोमीटर लंबी नई लाइन को मंजूरी दी गई है और इसके लिए जमीन अधिग्रहण शुरू हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ई-टिकट बुक करने वाले यात्री सिर्फ 45 पैसे में रेलवे की वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं, जिसका क्लेम सीधे बीमा कंपनी से किया जा सकता है। राजस्थान में रिंगस से खाटू श्याम मंदिर तक सीधे रेल संपर्क के लिए 17 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन की योजना मंजूर दी गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी बुधवार को लोकसभा में दी।



उन्होंने बताया कि इस परियोजना पर कुल 254 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसके लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेल मंत्री ने लिखित जवाब में कहा, फिलहाल खाटू श्याम मंदिर के लिए रिंगस स्टेशन रेलवे का मुख्य केंद्र है। यहां से दिल्ली तक मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की आठ जोड़ियां (दोतरफा ट्रेनें) चलती हैं, जिनमें से तीन जोड़ियां रोजाना चलती हैं। उन्होंने आगे बताया, खाटू श्याम के लिए सीधे संपर्क के मकसद से रिंगस-खाटू श्याम (17 किलोमीटर) नई रेल लाइन को 254 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। इसके लिए वर्ष 2025-26 के लिए 43 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो चुका है। वैष्णव ने बताया कि साल 2024-25 में रिंगस और दिल्ली क्षेत्र के बीच कुल 4.98 लाख आरक्षित यात्रियों ने यात्रा की, जबकि 2025-26 (जून 2025 तक) में यह संख्या 1.25 लाख रही। उन्होंने कहा, 2024-25 और 2025-26 (जून 2025 तक) की अवधि के दौरान रिंगस और दिल्ली क्षेत्र के बीच चलने वाली ट्रेनों की औसत सीट भरने की दर 100 फीसदी से भी अधिक रही है।

# पुलिस की ड्रेस पहनकर विधासभा पहुंचे विधायक आरक्षक भर्ती में गड़बड़ी को लेकर किया प्रदर्शन

**भोपाल।** विधानसभा मानसून सत्र के आठवें दिन आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले को लेकर कांग्रेस विधायक पुलिस की ड्रेस पहनकर पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में आरक्षण भर्ती मामले की जांच की मांग करते हुए गांधी प्रतिमा के पास बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के आठवें दिन आरक्षक भर्ती गड़बड़ी मामले को लेकर कांग्रेस विधायक पुलिस की ड्रेस पहनकर पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में आरक्षण भर्ती मामले की जांच की मांग करते हुए गांधी प्रतिमा के पास बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल भाजपा सरकार पर अलग अलग मुद्दों पर आरोप लगाते हुए उसके हिसाब से प्रतीकों के साथ कांग्रेस विधानसभा में प्रदर्शन कर रही है।

ये घोटाला व्यापम पार्ट 2 है नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि इन परीक्षा में असली उम्मीदवारों की जगह नकली सॉल्वर परीक्षा दे रहे थे। जांच में फोटो, सिग्नेचर, हैंडराइटिंग और फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे, फर्जी आधार कार्ड के जरिए 7411 पदों की भर्ती में खुला खेल जारी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार अपने इस घोटाले के बाद भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।



# बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम

## शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से शनिवार तक मांगी जानकारी

**नई दिल्ली।** बिहार में एसआईआर के दौरान 65 लाख मतदाताओं के नाम चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची से हटाए गए हैं। जिस पर तमाम राजनीतिक दल और संगठनों ने सवाल उठाया था और सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार तक आयोग सभी वोटर्स की जानकारी मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश दिया है कि वह बिहार के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए करीब 65 लाख मतदाताओं की पूरी जानकारी 9 अगस्त तक पेश करे। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह जानकारी उन राजनीतिक दलों के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) नाम की एनजीओ को भी दी जाए, जिसने इस मुद्दे पर याचिका दाखिल की है।



चुनाव आयोग ने बिहार में 24 जून को 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर)' शुरू किया था। इसके तहत 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई, जिसमें 7.24 करोड़ मतदाता दिखाए गए। लेकिन इसमें से 65 लाख से अधिक वोटरों के नाम हटा दिए गए। चुनाव आयोग का कहना है कि ये लोग या तो मर चुके हैं, दूसरी जगह स्थायी रूप से चले गए हैं, या दो जगहों पर नाम था।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान क्या हुआ जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा, 'हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। ये देखें कि किस आधार पर नाम हटे हैं।' वहीं एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि, 'राजनीतिक पार्टियों को हटाए गए वोटरों की लिस्ट दी गई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया कि कौन मरा है, कौन शिफ्ट हुआ है, या किसका नाम गलत तरीके से हटा।' कोर्ट ने चुनाव आयोग को कहा कि वह 9 अगस्त तक जवाब दाखिल करे, ताकि 12-13 अगस्त को इस मामले पर पूरी सुनवाई हो सके।

### चुनाव आयोग ने कोर्ट में क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग ने हलफनामा देकर कहा, 'हम वोटर लिस्ट को साफ करने का काम कर रहे हैं। हमारा मकसद है कि अपात्र लोग हटें और केवल सही लोग वोटर लिस्ट में रहें।'


### एसआईआर के दौरान आयोग ने क्या दिया आंकड़ा

इसमें मौत की वजह से करीब 22.34 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। वहीं स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए करीब 36.28 लाख मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से हटाए घए हैं। वहीं जिन मतदाताओं के नाम दो जगहों पर थे उनकी संख्या करीब 7.01 लाख है।


### सुप्रीम कोर्ट ने की पहले क्या की थी टिप्पणी

इससे पहले 29 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम हटाए गए तो वह तुरंत हस्तक्षेप करेगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि आधार कार्ड और वोटर आईडी को गंभीरता से मान्य दस्तावेज माना जाए और इनसे नाम हटाने की बजाय जोड़ने की प्रक्रिया पर जोर दिया जाए।

# तीन मासूमों की मौत बनी रहस्य: पोस्टमार्टम में डूबने की पुष्टि लेकिन उठे कई सवाल, एडीजी ने बनाई तीन एसपी की टीम







**मेरठ।** मेरठ के सिवालखास में तीन मासूम बच्चों की मौत ने रहस्य गहरा दिया है। पोस्टमार्टम में डूबने की बात सामने आई, मगर बच्ची की टूटी गर्दन और गायब टीशर्ट जैसे तथ्य कई सवाल खड़े कर रहे हैं।

एडीजी ने तीन एसपी की टीम से जांच शुरू करवाई है। मेरठ के जानीखुर्द में कस्बा सिवालखास से तीन मासूम शिवांश (8), ऋतिक (8) और मानवी (7) की मौत का मामला अब तक सुलझा नहीं है। भले ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तीनों की मौत का कारण पानी में डूबना आया है। बच्ची मानवी की डूबने के साथ गर्दन की हड्डी टूटने की बात भी आई है। इसी वजह से एडीजी भानु भास्कर अभी तक की पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं।

मंगलवार को एडीजी ने डीआईजी कलानिधि नैथानी, एसएसपी डॉ विपिन ताडा के साथ सिवालखास पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। तीनों पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के परिजनों का आश्वासन दिया कि घटना का सही खुलासा होगा। एडीजी ने एसपी क्राइम अवनीश कुमार, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा की टीम बनाकर जांच के आदेश दिए हैं। एडीजी ने कहा कि जब से बच्चे लापता हुए और जब शव मिले, तब तक बच्चों के साथ क्या-क्या हुआ, कहां-कहां गए, किस दुकान से सामान लिया, हर स्तर की जांच रिपोर्ट चाहिए।

उन्होंने फोरेंसिक टीम से भी जल्द अपनी रिपोर्ट देने के लिए कहा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी विश्लेषण कराने के निर्देश एसएसपी डॉ विपिन ताडा को दिए गए हैं। कस्बा सिवालखास के वार्ड-1 निवासी जितेंद्र, उसके भाई मोनू और पड़ोसी हिम्मत के घर आसपास हैं। रविवार सुबह दस बजे जितेंद्र की सात वर्षीय पुत्री मानवी, मोनू का आठ वर्षीय पुत्र शिवांश और हिम्मत का आठ वर्षीय पुत्र ऋतिक घर के बाहर खेल रहे थे। तभी वे लापता हो गए। दोपहर में तीनों बच्चों के घर न पहुंचने पर उनकी आसपास के क्षेत्र में तलाश शुरू की गई। तलाश में बच्चे नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और ग्रामीणों ने बच्चों की तलाश आसपास के गावों में भी की थ, लेकिन बच्चों का पता नहीं चल पाया था।

### प्लॉट से पानी निकलवाया

जानी पुलिस ने दोपहर में पंपिंग सेट लगाकर प्लॉट के गड्ढों से पानी निकलवाया ताकि फिर से कोई हादसा न हो जाए। वहीं, अधिकारियों ने नगर पंचायत सिवालखास को असलम द्वारा काटी जा रही कॉलोनी के बारें में जानकारी मांगी है।

### बिल्डर के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज

सीओ सरधना आशुतोष कुमार ने बताया कि बच्चों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में डूबने से होना आया है। प्लॉट मुरादनगर निवासी बिल्डर असलम का है। वह सिवालखास में घटनास्थल पर खेत लेकर कॉलोनी काट रहा है।